नवाचारों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षिक विकास की ऐतिहासिक पहल...

# शेखावाटी मिशन – 100



## विषय :सामाजिक विज्ञान (कक्षा – X)



| कार्यालय |

संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, चूरु संभाग, चूरु (राजस्थान)

Email Id : mission100shekhawati@gmail.com

Help Line :01562-250439

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA



# "हमारा प्रत्येक विद्यार्थी स्पष्ट बोले, सही पढ़े व शुद्ध लिखे"

**गोविन्द सिंह डोटासरा**

राज्यमंत्री
शिक्षा (प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा) विभाग
(स्वतंत्र प्रभार) पर्यटन एवं देवस्थान विभाग

# माननीय शिक्षा मंत्री की कलम से



सम्मानित शिक्षक साथियों,

हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि राजस्थान शिक्षा के क्षेत्र में नित नये आयाम छू रहा है। इसी परम्परा को अग्रसर रखते हुए विगत सत्रों की भाँति इस सत्र में शेखावाटी ''मिशन–100'' मुहिम का आगाज संयुक्त निदेशक परिक्षेत्र चूरू द्वारा किया जा रहा है। जिसमें अनुभवी, कर्मठ विद्वान विषयाध्यापकों की लगन और मेहनत से तैयार विषय वस्तु, ब्ल्यू प्रिन्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन के मद्देनजर विद्यार्थियों तक पहुँचाया जा रहा है।

मैं इन सभी विषयाध्यापकों की कर्मठ टीम को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिन्होनें अपनी दिन–रात की अथक मेहनत, लगन एवं समर्पित कार्यशैली से इस सकारात्मक कार्य को अंजाम दिया है। **मेरा सभी संस्था प्रधानों से आग्रह है कि वे सभी विषयाध्यापकों से समन्वय कर इस परीक्षा उपयोगी सामग्री को विद्यार्थियों तक पहुँचाना सुनिश्चित करें। साथ ही शिक्षक साथियों से अनुरोध है कि इस विषय वस्तु को ''मिशन–100'' के अनुरुप 100 प्रतिशत विद्यार्थियों तक पहुँचायें एवं तद्नुरुप तैयारी भी करवायें।**

आशा करता हूँ कि आपका प्रयास न केवल शेखावाटी क्षेत्र के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश में विद्यार्थियों के लिए एक नवाचार होगा जो उनके लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होगा। शिक्षा विभाग में आपका प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक रुप से मूल्यपरक शिक्षा हेतु वृद्धिकारक होगा, जो प्रदेश को देश में सर्वोपरि स्थान दिलाने में कारगर साबित होगा।

शुभकामनाओं सहित

**गोविन्द सिंह डोटासरा**



**राज्यमंत्री**
**शिक्षा (प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा) विभाग**
**(स्वतंत्र प्रभार) पर्यटन एवं देवस्थान विभाग**

# शुभकामना संदेश



मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा,चूरू संभाग, चूरू के नेतृत्व में 'शेखावाटी मिशन – 100' के तहत माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक परीक्षा 2020 में शामिल होने वाले विद्यार्थियों हेतु बोर्ड परीक्षा उपयोगी विषय वस्तु एवं प्रश्न कोश तैयार किया जा रहा है।

बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त करना प्रत्येक विद्यार्थी की अपेक्षा होती है इस दृष्टि से शेखावाटी मिशन–100 द्वारा तैयार की गई विषय वस्तु एवं प्रश्नकोश विद्यार्थियों के लिए उपयोगी एवं मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

प्रश्न कोश के निर्माण में जिन विषय विशेषज्ञ शिक्षकों ने अपना विशिष्ट योगदान दिया है, निसंदेह विद्यार्थियों के सफल हो जाने पर उन्हें जो आंतरिक सुख और संतोष मिलेगा ये सुखद क्षण उनकी स्मृति के अविस्मरणीय पलों में सुरक्षित रहेंगे। प्रश्नकोश निर्माण में जिन भामाशाहों का योगदान रहा है उन्हें भी सकारात्मक पहल के लिए धन्यवाद।

सभी के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ...



**हिमांशु गुप्ता IAS**

**निदेशक**

**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**

**बीकानेर**

## शुभकामना संदेश



श्रीमान् संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, चूरू की ओर से शुभ कामना संदेश

संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, चूरू कार्यालय के लिए बेहद प्रसन्नता एवं गर्व का विषय है कि शिक्षा विभाग चूरू संभाग में कार्यरत सभी विद्वान साथियों के सहयोग से चूरू संभाग ने पिछले बोर्ड परीक्षा परिणामों तथा इन्सपायर अवार्ड में उच्च पायदान पर स्थान प्राप्त किया है। विगत वर्षो की भांति इस बार भी **'शेखावाटी मिशन–100** को जारी रखते हुए इसमें विद्यार्थियों की रूचि के आधार पर छोटे–छोटे प्रश्नों की उत्तर सहित सरल एवं रूचिकर सामग्री अनुभवी विषय विशेषज्ञों की टीम द्वारा तैयार करवाते हुए एक नवीन नवाचार करने का प्रयास किया गया है।

शिक्षा विभाग में बोर्ड परीक्षा में जुटी पूरी टीम से मेरा निवेदन है कि, **शेखावाटी मिशन–100** में तैयार विषयवस्तु को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुँचातें हुए उसकी तैयारी करवाने का हर सम्भव प्रयास करें ताकि पूर्व की भांति इस बार भी संख्यात्मक एवं गुणात्मक रूप से बोर्ड परीक्षा परिणाम में वृद्धि हो सके।

**सुरेन्द्र सिंह गौड़**
**संयुक्त निदेशक**
**स्कूल शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू**

## शैक्षिक प्रकोष्ठ अनुभाग, संयुक्त निदेशक कार्यालय, चूरू का एक निवेदन



माननीय शिक्षा मंत्री महोदय ने राजस्थान की शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक उन्नति एवं बोर्ड परीक्षा उन्नयन हेतु शिक्षा एवं शिक्षण पद्वति में नवाचारों के प्रभावी प्रयोग एवं अपेक्षित परिवर्तन की आवश्यकता महसूस की है। मंत्री महोदय का कहना है कि विद्यालय में ऐसी व्यवस्था एवं वातावरण तैयार होना चाहिए कि हमारा प्रत्येक विद्यार्थी स्पष्ट बोले, सही पढे व शुद्व लिखे।

उनका मानना है कि जिनको बोलना व लिखना आता है वे सफल इन्सान हैं। एक संस्था प्रधान व विषय अध्यापक यह दोनों कौशल अपने विद्यार्थियों में भाषा के ज्ञान प्रार्थना सभा, बाल सभा, उत्सवों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भाषण, वाद–विवाद प्रतियोगिताओं आदि के द्वारा उत्पन्न कर सकता है।

माननीय निदेशक महोदय ने भी अपने पत्र दिनांक 24.09.19 एवं 13.11.19 के द्वारा बोर्ड परीक्षा उन्नयन एवं गुणात्मक अभिवृद्वि हेतु प्रभावी निर्देशन एवं सम्बलन प्रदान किया है। इस क्रम में निदेशक महोदय ने निदेशालय स्तर से बोर्ड परीक्षा तैयारी हेतु "प्रयास" के रूप में बहुत ही उपयोगी एवं महत्वपूर्ण विषय वस्तु विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करायी है। इसके साथ ही एक निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्री–बोर्ड परीक्षा के रूप में परीक्षा तैयारी का वातावरण तैयार करने के निर्देश जारी किये हैं।

पिछले शैक्षणिक सत्रों में शिक्षा विभाग द्वारा कई नवाचार किए गए जिनसे अभूतपूर्व परिणाम प्राप्त हुए हैं। सत्र 2017–18 में चूरू सम्भाग के तत्कालीन उप निदेशक डॉ. महेन्द्र चौधरी के निर्देशन में 'शेखावाटी मिशन–100' शुरू किया गया था जिसके परिणामस्वरूप 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम बहुत शानदार रहा। सत्र 2019–20 में चूरू सम्भाग का सीकर जिला 10वीं के परीक्षा परिणाम में प्रथम रहा, झुन्झुनूं द्वितीय एवं चूरू सातवें स्थान पर रहा। इसी प्रकार 12वीं विज्ञान में सीकर द्वितीय, झुन्झुनूं 5वें एवं चूरू 9वें स्थान पर रहा। आपके व वर्तमान संयुक्त निदेशक श्रीमान् सुरेन्द्र सिंह गौड़ के मार्गदर्शन व प्रेरणा से संयुक्त निदेशक कार्यालय के शैक्षिक प्रकोष्ठ अनुभाग ने इस वर्ष भी नवाचार करते हुए बोर्ड परीक्षा 2020 हेतु विषय सामग्री तैयार करवाई है। प्रायः यह देखा गया है कि निबन्धात्मक एवं बड़े प्रश्न सामान्य विद्यार्थियों को याद करने में कठिनाई होती है तथा भूलने की सम्भावना रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए "शेखावाटी मिशन–100" की अनुभवी विषय विशेषज्ञों की टीम ने ब्लूप्रिंट के आधार पर विषय वस्तु को छोटे–छोटे प्रश्नों में विभक्त कर उनके उत्तर सहित विषय सामग्री तैयार की हैं। छोटे–छोटे प्रश्नोत्तरों के रूप में तैयार यह विषय सामग्री इस बार भी बोर्ड परीक्षा 2020 के लिए उपयोगी एवं मददगार साबित होगी। अगले सत्र 2020–21 के प्रारम्भ होने के साथ ही इसे कक्षा कार्य के रूप में प्रत्येक विषय अध्यापक शुरू करे तो माननीय शिक्षा मंत्री महोदय एवं निदेशक महोदय की भावनाओं के अनुरूप शिक्षण पद्वति में गुणात्मक उन्नति के साथ अपेक्षित परिवर्तन लाया जा सकता है।

अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाओं मे 10वीं एवं 12वीं तक के पाठ्यक्रम से ही सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे जाते हैं। अतः यह विषय सामग्री विद्यार्थियों का सामान्य ज्ञान बढाने में भी मददगार साबित होगी।

विद्यालय में नामांकन अभिवृद्धि, शिक्षण में गुणात्मक उन्नति एवं बोर्ड परीक्षा परिणाम को संख्यात्मक व गुणात्मक रूप से बढाने के लिए अगले स़त्र के प्रारम्भ से ही इस नवाचार को शुरू करने हेतु कुछ विचार अनुभव की पाठशाला से सीखे हैं।

साथियों एक संस्था प्रधान तथा एक विषय अध्यापक होने के नाते हमारे जेहन में नवाचार के आइडिया सुबह की चाय की एक–एक घूँट के साथ पनपे, और हम उस स्वप्न को साकार करने में उसी वक्त जुट जाएं तो दुनिया के सबसे बड़े मन्दिर या मस्जिद हमारे शिक्षा (सरस्वती) के मन्दिर के हम पुजारी सब कुछ सम्भव बना सकते हैं। भगवान के मन्दिर में भगवान को पुजारी ही पूजवाता है, ठीक उसी प्रकार हम अध्यापकों को विद्या के मन्दिर को पूजवाना है। कुछ प्रमुख विचार मेरे चिन्तन में एक संस्था प्रधान/विषय अध्यापक होने की कल्पना के रूप में पनप रहे हैं, जिन्हें आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ:–

1. मैं संस्था प्रधान/विषय अध्यापक "शेखावाटी मिशन 100" द्वारा तैयार की गई विषय सामग्री को प्रार्थना सभा, बाल सभा तथा खाली कालांश में ग्रुप बनाकर क्विज प्रतियोगिता, होम प्रोजेक्ट आदि के रूप में याद करवाने का वातावरण तैयार कर बोर्ड परीक्षा की तैयारी सुनिश्चित करूँगा।
2. मैं भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी या संस्कृत) का अध्यापक हूँ, इसलिए सत्र के प्रारम्भ में पहले दिन ही कक्षा कार्य की कॉपी में कक्षा स्तर के अनुरूप 50 से अधिक महत्वपूर्ण, विशेष, सामान्य से हटकर अर्थात् भारी शब्द अर्थ सहित लिखवाऊँगा जिससे मेरे विद्यार्थी की भाषागत दक्षता जैसे बोलना, पढना व लिखना प्रभावशाली एवं आकर्षक बने। सतत अभ्यास, नियमित परख, प्रोत्साहन से विद्यार्थी की भाषा दक्षता में उच्च स्तरीय क्षमता विकसित करूँगा।
3. मैं संस्था प्रधान/विषय अध्यापक यह नवाचार अगले सत्र प्रारम्भ से ही शिक्षण कार्य के दौरान प्रत्येक पाठ/विषय–वस्तु पूर्ण होते ही ऐसे छोटे–छोटे अति लघु/लघूत्तरात्मक प्रश्न उत्तर सहित कक्षा कार्य के रूप में तैयार करवाते हुए यह व्यवस्था बनाऊँगा कि मेरे अवकाश पर रहने या अन्य कार्य में लगा होने या खाली कालांश में उस पाठ्य सामग्री को कक्षा के ग्रुप (टीम ए व बी) के मध्य क्विज प्रतियोगिता कक्षा मॉनिटर के माध्यम से आयोजित हो। इससे विषय का रिवीजन होगा, खाली कालांश नहीं रहेगा, विद्यार्थियों में अनुशासन व खुली प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ शैक्षणिक वातावरण का निर्माण होगा।
4. मैं मेरे विद्यार्थी को देश, समाज से जुड़े नवीन घोषणाओं, घटनाओं आदि से अवगत करवाऊँगा तथा उनके प्रति लेखन, भाषण कला को विकसित करूँगा। आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन से जुड़े टॉपिक जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक–ना बाबा ना, स्वच्छ भारत मिशन, दहेज प्रथा, बाल विवाह, बालश्रम, कन्या भ्रूण हत्या, रेगिंग, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत, महिला अधिकार, कानून की सामान्य जानकारियाँ, सड़क सुरक्षा आदि का समुचित ज्ञान कराऊँगा। हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में इन मुद्दों पर प्रभावशाली शब्दों और विचारो से युक्त निबंध लेखन, वाद–विवाद, आशु भाषण आदि हेतु प्रेरित करूँगा। जिस दिन मैं अवकाश पर रहूँ या अन्य कार्यवश कक्षा अध्यापन नहीं करवा पाऊँ, उस दिन किसी एक विषय पर विद्यार्थियों से रेन्डमली निबंध लिखवाऊँगा और समय पर उसकी जाँच करके उचित निर्देशन प्रदान करूँगा।
5. संस्था प्रधान होने के नाते मैं अवकाश पर जाने वाले शिक्षकों से प्रार्थना पत्र के साथ ही प्रत्येक कक्षा हेतु सम्बन्धित विषय सामग्री देने हेतु निर्देशित करूँगा ताकि उक्त कालांश में विद्यार्थियों को कक्षा कार्य करवाया जाए, जैसे– पेपर लेना, चित्र बनाना, आरेख बनाना, डिबेट करना, अन्त्याक्षरी करवाना आदि। ये कार्य मॉनिटर के माध्यम से सम्पन्न करवाये जा सकते है।
6. मैं विज्ञान का अध्यापक हूँ अतः अपनी जेब में रखे पैन के साथ रखे पैन ड्राइव से सम्बन्धित विषय के विडियो/पीपीटी द्वारा शिक्षण को प्रभावशाली बनाऊँगा। विद्यालय विज्ञान प्रयोगशाला का भरपूर उपयोग करूँगा तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करूँगा।
7. मैं विद्यार्थियों को अपनी दैनिक डायरी लिखने हेतु प्रेरित करूँगा इससे उनमें नियमितता, अनुशासन की भावना तथा लिखने व बोलने की क्षमता उत्पन्न करने में सहायता मिलेगी, इससे हमारा प्रत्येक विद्यार्थी "स्पष्ट बोले, सही पढें व शुद्व लिखे" कथन भी सार्थक होगा।
8. मैं संस्था प्रधान होने के नाते विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों हेतु मोटिवेशनल विडियोज का कलेक्शन करके समय–समय पर दिखाऊँगा ताकि उनमें नयी ऊर्जा, लगन का संचार होता रहे। मैं संस्था प्रधान होने के नाते सभी सहशैक्षणिक गतिविधियों जैसे – विभिन्न जयन्तियों, राष्ट्रीय उत्सव, स्वच्छ भारत मिशन, भाषण, वाद–विवाद, प्रतियागिताएँ आदि रूचिपूर्वक आयोजित करवाऊँगा।
9. एक संस्था प्रधान होने के नाते मैं विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा अपने जेहन में रखूँगा तथा उसे अमली जामा पहनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहूँगा।

"शेखावाटी मिशन 100" टीम के विषय अध्यापको ने अल्प समय में विषय वस्तु को तैयार किया है। इसमें प्रश्नोत्तरों, लेखन, भाषा, टंकण जैसी त्रुटियां सम्भव है। सभी विषय अध्यापको से निवेदन है कि वे अपने स्तर पर ठीक करते हुए विद्यार्थियों तक पहुँचाने का कष्ट करेंगे तथा संशोधन हेतु "शेखावाटी मिशन 100" टीम को आवश्यक फीड बैक प्रदान करेंगे। आपके प्रयास से प्रदेश में परीक्षा परिणाम संख्यात्मक व गुणात्मक रूप से बढे।

मैं सयुक्त निदेशक कार्यालय चूरू की ओर से प्रयास संस्थान सीकर का विशेष रूप से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके आर्थिक सहयोग से इस सम्पूर्ण सामग्री का प्रकाशन सम्भव हो सका है।

शुभकामनाओं सहित।

**ओमप्रकाश फगेड़िया**
अति.जि.शि.अ.एवं शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी
कार्यालय, संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)
चूरू सम्भाग, चूरू

# शेखावाटी मिशन – 100





## बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्यक्रम सत्र–2019–20

## माध्यमिक परीक्षा – 2020

## विषय –सामाजिक विज्ञान

**सर्वश्रेष्ठ संकलन, सर्वश्रेष्ठ सफलता सुनिश्चित करने हेतु।**



संरक्षक– रामकरण फगेड़िया
सेवानिवृत प्रधानाचार्य
शिक्षा विभाग राजस्थान



संयोजक रोहिताश कुमार थालौर
रा.मा.वि.सांवलोदा लाडखानी (सीकर)
मो. 7891350702



सह– संयोजक – स्नेहा चौधरी
रा.मा.वि.बास मरोढा, अलसीसर
(झुंझुनू)



सोनाली चौधरी
रा.उ.मा.वि. ढीलसर
(झुंझुनू)



अनिल कुमार
रा.उ.प्रा.वि.जुगलपुरा, फतेहपुर (सीकर)



श्रीमती मनीषा
रा.मा.वि.प्रकाश, रतनगढ़ (चूरू)

**कार्यालय:– संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, चूरु संभाग, चूरु (राजस्थान)**

**संदेशः**– माध्यमिक बोर्ड परीक्षा परिणाम की अभिवृद्धि हेतु 'शेखावाटी मिशन –100' के रूप में एक नवाचार किया जा रहा है। RBSE के पाठयक्रम एवं ब्लुप्रिंट के अनुसार अधिकतम सफलता हेतु सरल अध्ययन सामग्री को विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। अध्ययन सामग्री सभी स्तर के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। निबंधात्मक प्रश्नों को छोटे प्रश्नों में बांटकर उनको याद करने के लिए सरल बनाया गया है। हम पूर्ण आश्वस्त है कि इस सामग्री के अध्ययन व अध्यापन से बोर्ड परीक्षा में शत–प्रतिशत व गुणवत्तापूर्ण परिणाम हासिल किया जा सकता है

सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा 2020 में सफलता हेतु पूर्व शुभकामनाएं

## बोर्ड परीक्षा – 2020 के लिए अति–महत्वपूर्ण प्रश्न रेखांकित किये गये है।

शेखावाटी मिशन – 100

## कार्यालय संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) चूरू संभाग चूरू

विषय– समाजिक विज्ञान कक्षा 10

| क्रं. सं. | ईकाई | अंकभार | प्रश्नों का प्रकार एंव उनके अंक | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अति. लघुत्तरात्मक | लघु. | लघु।। | निबन्धात्मक | कुल |
| 1 | स्वर्णिम भारत प्रारम्भ से 1206 ई. तक | 5 | 1(1) | _ | 4(1) | _ | 5(2) |
| 2 | संर्घष कालीन भारत 1206 से 1757 तक | 5 | 1(1) | _ | 4(1) | - | 5(2) |
| 3 | अंग्रेजी साम्राज्य का प्रतिकार एंव संर्घष | 6 | _ | - | - | 6(1) | 6(1) |
| 4 | विश्व का इतिहास | 4 | _ | _ | 4(1) | - | 4(1) |
| 5 | लोकतंत्र | 5 | 1(1) | _ | 4(1) | - | 5(2) |
| 6 | केन्द्र सरकार | 7 | _ | - | - | 7(1) | 7(1) |
| 7 | राज्य सरकार | 8 | _ | 2(1) | - | 6(1) | 8(2) |
| 8 | जल संसाधन | 3 | _ | 2(1) | - | - | 2+1=3(1+1 मानचित्र) |
| 9 | कृषि | 3 | - | 2(1) | - | - | 2+1=3(1+1 मानचित्र) |
| 10 | खनिज एंव उर्जा संसाधन | 3 | - | 2(1) | - | - | 2+1=3(1+1 मानचित्र) |
| 11 | विनिर्माण उद्योग | 3 | | 2(1) | | | 2+1=3(1+1 मानचित्र) |
| 12 | मानव संसाधन | 3 | | 2(1) | | | 2+1=3(1+1 मानचित्र) |
| 13 | परिवहन एंव संचार | 3 | 1(1) | 2(1) | | | 3(2) |
| 14 | आर्थिक अव. एंव नियोजन | 3 | 3(3) | | | | 3(3) |
| 15 | भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताएं एंव नवीन प्रवृतियां | 4 | | | 4(1) | | 4(1) |
| 16 | भारतीय अर्थ के समक्ष चुनौतियां | 3 | 3(3) | | | | 3(3) |
| 17 | मुद्रा एंव वित्तीय संस्थाएं | 4 | | | 4(1) | | 4(1) |
| 18 | उपभोक्ता एंव विधिक जागरूकता तथा सूचना का अधिकार | 4 | | | 4(1) | | 4(1) |
| 19 | सड़क सुरक्षा | 2 | | 2(1) | | | 2(1) |
| 20 | स्वच्छता एंव ठोस कचरा प्रबन्धन | 2 | | 2(1) | | | 2(1) |

नोट– कोष्ठक के बाहर की संख्या अंक भार व कोष्ठक के अन्दर की संख्या प्रश्नों की संख्या है।

शेखावाटी मिशन -100

# टीम शेखावाटी मिशन 100

## कार्यालयः— संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा,चुरू संभाग,चुरू(राजस्थान)

बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्यक्रम 2019—20
शेखावाटी मिशन 100
माध्यमिक परीक्षा 2020
कक्षा—10
अध्याय—1
स्वर्णिम भारत—प्रारम्भ से 1206 ई0 तक
अंक भार—5

अतिलघुतरात्मक प्रश्न 1 (1) लघुतरात्मक प्रश्न 1 (4)

प्रश्न 1:—बौद्ध ग्रन्थ ''अगुतरनिकाय'' के अनुसार महाजनपद कितने थे?
उतरः— 16
प्रश्न 2:— राजस्थान के प्रमुख जनपदों के नाम बताइए।
उतरः— जांगल, मत्स्य, शूरसेन, शिवि।
प्रश्न 3:— धम्म किसे कहते है?
उतरः— अशोक ने मानव उन्नति के लिए आदर्शो का प्रतिपादन किया उन्हे धम्म कहते है।
प्रश्न 4:— धम्म के प्रमुख सिद्धान्त बताइए।
उतरः— अहिंसा, पाप न करना, दया करना, दान करना, विश्व कल्याण, शांति इत्यादि।
प्रश्न 5:— मत्स्य जनपद की राजधानी क्या थी?
उतरः— विराटनगर।
प्रश्न 6:— अंतिम मौर्य सम्राट कौन था?
उतरः— वृहद्रथ।
प्रश्न 7:— कौटिल्य द्वारा बताए गये राज्य के सात अंग कौनसे है?
उतरः— राजा, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, सेना, व मित्र।
प्रश्न 8:— समाहर्ता का कार्य क्या था?
उतरः— राजस्व एकत्र करना, आय—व्यय का ब्यौरा रखना व बजट बनाना।
प्रश्न 9:— गुप्त वंश के संस्थापक कौन थे?
उतरः— श्रीगुप्त।
प्रश्न 10:— कौटिल्य की पुस्तक का नाम बताइए।
उतरः— अर्थशास्त्र।
प्रश्न 11:— चीनी यात्री फाहयान किसके शासन काल में भारत आया?
उतरः— चन्द्रगुप्त द्वितीय।
प्रश्न 12:— हर्षवर्धन द्वारा रचित नाटकों के नाम बताइए।
उतरः— नागानंद, रत्नावली व प्रियदर्शिका।
प्रश्न 13:— हर्षवर्धन कालीन लेखकों के नाम बताइए।
उतरः— बाणभटट, मयूर, सुबंधु व ईशान।
प्रश्न 14:— पाल वंश का संस्थापक कौन था?
उतरः— गोपाल।
प्रश्न 15:— गुर्जर—प्रतिहार वंश का संस्थापक कौन था?
उतरः— नागभट्ट।
प्रश्न 16:— प्राचीन कालीन दक्षिण भारतीय राज्यों के नाम बताइए।
उतरः— चोल, चालुक्य, चेर, पाण्ड्य, पल्लव।
प्रश्न 17:— वृहदेश्वर मंदिर का निर्माण किस चोल शासक ने करवाया?
उतरः— राजराज प्रथम
प्रश्न 18:— द्रविड़ मंदिर शैली की विशेषताएं बताइए।
उतरः— वर्गाकार विमान, मण्डप, गोपुरम, स्तम्भ, सजावट के साथ सिंह आदि।
प्रश्न 19:— प्राचीन कालीन विदेशी आक्रमणकारी जातियों के नाम बताओं।

शेखावाटी मिशन - 100

उतरः— शक, हुण एवं कुषाण।
प्रश्न 20ः— किन प्राचीन ग्रंथों से महाजनपदों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।?
उतरः— महाभारत, बौद्ध साहित्य व अर्थशास्त्र।
प्रश्न 21ः— पंतजलि किस शासक के काल में हुई थी?
उतरः— पुष्यमित्र शुंग।
प्रश्न 22ः— बराबर की पहाड़ियों में अशोक द्वारा निर्मित चार गुफाओ का नाम बताओं।
उतरः— सुदामा, चापार, विश्व झोपड़ी और कर्ण।
प्रश्न 23ः— भारत में अभिलेख की शुरूआत किस शासक ने की?
उतरः— अशोक।
प्रश्न 24ः— अशोक निर्मित अभिलेख किस लिपि में लिखित है?
उतरः— ब्राह्मी व खरोष्ठी।
प्रश्न 25ः— धर्मस्थीय व कंटक शोधन को सझाइए।
उतरः— धर्मस्थीय दीवानी व कंटक शोधन फौजदारी अदालते है।
प्रश्न 26ः— 78 ई0 में श्क सवंत किसने प्रारम्भ किया?
उतरः— कनिष्क।
प्रश्न 27ः— मौर्यकालीन निर्मित सुदर्शन झील का जीर्णोद्वार किस शासक ने करवाया?
उतरः—स्कन्द गुप्त।
प्रश्न 28ः— महाजनपद कालीन 5 गणराज्यों के नाम बताइए।
उतरः— मत्स्य, सुरसेन, मगध, अंग, कुरू, अवन्ती।
प्रश्न 29ः— मौर्यकालीन न्याय व्यवस्था को समझाइए।
उतरः— मौर्य काल में धर्म स्थीय कंटक शोधन न्याय अदालतें थी और निचले स्तर पर ग्राम न्यायालय थें।
प्रश्न 30ः— सात वाहन का संस्थापक कौन था?
उतरः— शिमुक।
प्रश्न 31ः— राष्ट्रकुट वंश की स्थापना किस शासक ने की?
उतरः— दंती दुर्ग ने 736 ई0 में की।
प्रश्न 32ः— चोल प्रशासन पर टिप्पणी कीजिए।
उतरः— ग्राम प्रणाली पर अधारित, 6 प्रांतों में बंटा था, ग्राम प्रतिनिधि निर्वाचित होते थे, भूमि उपज का छठा भाग लगान।

## लघुतरात्मक प्रश्न

**प्रश्न 33ः— धम्मयात्रा व धम्म महामात्र से आप क्या समझते है?**

उतरः—**धम्मयात्राः—** अशोक से पूर्व विहार यात्रा के दौरान राजा पशुओं का शिकार करते थे। अशोक ने इनके स्थान पर धम्मयात्रा का प्रावधान किया, जिसमें बौद्ध स्थानो की यात्रा तथा ब्राह्मणों, श्रमणों व वृद्धों को स्वर्णदान किया जाता था।

**धम्म महामात्रः**—राज्याभिषेक के 13वें वर्ष में अशोक ने धम्म महामात्रों की नियुक्ति की। जिनके मुख्य कार्य—जनता में धम्म का प्रचार करना, उन्हें कल्याणकारी कार्य व दानशीलता के लिए प्रोत्साहित करना, कैदियों को मुक्त करना/उनकी सजा कम करना व उनके परिवारों की सहायता करना।

**प्रश्न 34ः— जनपदों के उदय होने के क्या कारण थे?**

उतरः— उतरवैदिक काल तक लौह तकनीक के व्यापक उपयोग के लोगों के भौतिक जीवन में बड़ा परिवर्तन कर दिया तथा स्थायी जीवन व्यतीत करने की प्रवृति बढी। कृषि, उधोग, व्यापार—वाणिज्य आदि के विकास ने प्राचीन जनजातीय व्यवस्था को जर्जर बना दिया तथा छोटे—छोटे जनों का स्थान जनपदों ने गृहण कर लिया।

**प्रश्न 35ः— छठी शताब्दी ई.पूर्व में भारत में विद्यमान महाजनपदो का उल्लेख कीजिए?**

उतरः— बौद्ध गन्थ अंगुतरनिकाय के अनुसार छठी शताब्दी ई.पूर्व में भारत में 16 महाजनपद विद्यमान थे— 1 काशी, 2 कुरू, 3 अंग, 4 मगध, 5 वज्जि, 6 मल्ल, 7 चेदि, 8 वत्स, 9 कौशल, 10 पांचाल, 11 मत्स्य, 12 शूरसेन, 13 अश्मक, 14 अवन्ति, 15 गान्धार, 16 कम्बोज।

**प्रश्न 36ः—समुद्र गुप्त के सांस्कृतिक योगदान का वर्णन कीजिए?**

उतरः— समुद्रगुप्त साहित्य और कला का संरक्षक था। वह स्वयं एक उच्चकोटि का विद्वान था। वह कविता भी करता था तथा कविराज की उपाधि से प्रसिद्ध था। वह संगीत में भी निपुण था। उसे एक सिक्के पर वीणा बजाते हुए दिखाया गया है। प्रयाग—प्रशस्ति के अनुसार समुद्रगुप्त ने संगीत कला के ज्ञान में नारद और तुत्बरू को भी लज्जित कर दिया था।

**प्रश्नः—37 कनिष्क के योगदान को बताइए।**

उतर— 1 कनिष्क ने 78 ई. में शक संवत चलाया ।
2 कनिष्क के शासन में चौथी बौद्ध संगीति का आयोजन हुआ।
3 बौद्ध धर्म की महायान शाखा का उदय व प्रचार हुआ।
4 कनिष्क ने कश्मीर को जीतकर कनिष्कपुर नामक नगर बसाया।



शेखावाटी मिशन - 100

**प्रश्नः—38 गुप्त वंश की सांस्कृतिक उपलब्धिया बताइए।**
उतरः— गुप्त वंश में वैदिक धर्म, बौद्ध धर्म, व जैन धर्म को प्रोत्साहन मिला।
चीनी यात्री फायहान ने भारत भ्रमण किया।
कालीदास, विशाखदत, शूद्रक जैसे साहित्यकारों को प्रोत्साहन मिला।
दशमलव प्रणाली का विकास हुआ।
**प्रश्नः—39 मोर्यकालीन न्याय व्यव्स्था पर प्रकाश डालियें**
उतरः— सम्राट न्याय प्रशासन का सर्वोच्च अधिकारी होता था। निचले स्तर पर ग्राम न्यायालय थे।
अन्य न्यायालय दो प्रकार के थे।
1धर्मस्थीय— यह एक दीवानी अदलत थी, मानहानि, मारपीट के मामले, धर्मस्थीय न्यायालय के अन्तर्गत आते थे।
2 कंटक शेधन— यह फौजदारी अदालत थी, नगर न्यायाधिश को व्यावहारिक महामात्र तथा जनपद न्यायाधि को राज्जुक कहते थे।

**ईकाई (2) :- संघर्षकालीन भारत (1206 ई. से 1757 ई. तक) अंकभार - 5 (1+4)**

**अति लघुतरात्मक प्रश्न- 1(1) लघुतरात्मक प्रश्न**

प्रश्न1:- शेरशाह और मालदेव की सेनाओं के बीच युद्ध कब हुआ था ?
उतर:- 1544 ई:-
प्रश्न 2:- इस युद्ध में मालदेव के किन सेनापतियों ने शेरशाह का मुकाबला किया था ?
उतर:- जैता और कूंपा ने
प्रश्न3:- “मैं मुट्ठीभर बाजरे के लिए हिदुस्तान की सल्तनत खो देता |” यह किसका कथन था ?
उतर:- यह कथन शेरशाह सूरी का था |
प्रश्न 4:- शेरशाह की मृत्यु कब और किस युद्ध में हुई थी ?
उतर:- शेरशाह की मृत्यु 1545 ई:- में कालिंजर के युद्ध में हुई थी |
प्रश्न 5:- शेरशाह की राजस्व वसूली की कौनसी पद्तियाँ थी ?
उतर:- शेरशाह की राजस्व वसूली की पद्तियाँ थीं - (1) गल्ला बख्शी (2) नश्क /कनकुत (4) नकदी या जब्ती |
प्रश्न 6:- वर्तमान में अस्तित्व रखने वाली शेरशाह द्वारा निर्मित सवार्धिक लम्बी सड़क का नाम लिखिए |

अथवा

शेरशाह द्वारा निर्मित सबसे लम्बी सड़क कौनसी है ?
उतर:- वर्तमान में अस्तित्व रखने वाली शेरशाह द्वारा निर्मित सबसे लम्बी सड़क ग्रैंड ट्रंक रोड है |
प्रश्न 7:- शेरशाह द्वारा निर्मित मकबरा कहाँ स्थित है ?
उतर:- शेरशाह द्वारा निर्मित मकबरा बिहार में सासाराम में एक झील के मध्य में स्थित है |
प्रश्न 8:- शेरशाह द्वारा प्रचलित दो सिक्को का उल्लेख कीजिये |
उतर:- शेरशाह द्वारा प्रचलित दो सिक्के ये थे- (1) तांबे का 380 ग्रेन का दाम (2) चांदी का 178 ग्रेन दाम का रुपया |
प्रश्न 9:- अकबर का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
उतर :- अकबर का जन्म 1542 ई:- में अमरकोट में हुआ था |
प्रश्न 10:- बैरम खां कौन थे ?
उतर :- बैरम खां अकबर का सरंक्षक था |
प्रश्न 11:- बैरम खां ने अकबर का राज्याभिषेक कब और कहाँ किया ?
उतर :- 14 फरवरी, 1556 को बैरम खां ने कलानौर में अकबर का राज्याभिषेक किया |
प्रश्न 12:- हेमू कौन था ? उसने कौनसी उपाधि धारण की थी ?
उतर :- हेमू अफगान सेनापति था | उसने ‘विक्रमाजीत’ की उपाधि धारण की |
प्रश्न 13:- पानीपत का द्वितीय युद्ध कब हुआ और किस किस के बीच हुआ ?
उतर :- 5 नवम्बर, 1556 को हेमू और मुगलों के बीच पानीपत का द्वितीय युद्ध हुआ |
प्रश्न 14:- दीन-ए-इलाही नामक धर्म का प्रवर्तन किसने किया था ?
उतर:- दीन-ए-इलाही नामक धर्म का प्रवर्तन अकबर ने किया था |
प्रश्न 15:- अकबर ने इबादतखाने का निर्माण कब और क्यों करवाया ?
उतर :- 1575 में धर्मशास्त्रीय चर्चा करने के लिए अकबर ने फतेहपुर सीकरी में इबादतखाना बनवाया |
प्रश्न 16:- अहमदनगर तथा अमीरगढ़ पर अकबर ने कब विजयें प्राप्त की ?

शेखावाटी मिशन - 100

उतर:- 1600 में अकबर ने अहमदनगर पर तथा 1601 में अमीरगढ़ पर विजयें प्राप्त की |
प्रश्न 17:- अकबर द्वारा बुलंद दरवाजा कहाँ और क्यों बनवाया गया ?
उतर:- अकबर ने गुजरात विजय के उपलक्ष में फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा बनवाया |
प्रश्न 18:- जहाँगीर ने मेहरुन्निसा नामक विधवा से कब विवाह किया ?
उतर :- 1611 ई:- में |
प्रश्न 19:- जहाँगीर ने मेहरुन्निसा को कौनसी उपाधियाँ प्रदान की ?
उतर :- नूरमहल और नूरजहाँ |
प्रश्न 20:- जहाँगीर के शासनकाल में कौनसे विदेशी यात्री उसके दरबार में आए थे ?
उतर:- ब्रिटिश दूत कैप्टेन हाकिंस तथा सर टामस रो |
प्रश्न 21:- धरमत का युद्ध कब हुआ और किस किसके बीच हुआ ?
उतर:- 25 अप्रैल 1658 को धरमत का युद्ध औरंगजेब तथा शाही सेना (जसवंत सिंह और कासिम खां) के बीच हुआ |
प्रश्न 22:- रणथम्भोर के शासक हम्मीर देव ने किन मंगोल सेनापतियों को अल्लाउदीन खिलजी को लौटने से इंकार कर दिया था ?
उतर :- मुहम्मदशाह तथा केहब्रू को |
प्रश्न 23:- अल्लाउदीन ने रणथम्भोर के किन सेनापतियों को लालच देकर अपनी और मिला लिया था ?
उतर:- रणमल और रतिपाल को |
प्रश्न 24:- न्याय की छतरी और पदमला तालाब का निर्माण किसने करवाया था ?
उतर:- हम्मीरदेव चौहान ने |
प्रश्न 25:- महाराणा प्रताप का जन्म कब और कहाँ हुआ ?
उतर:- महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई , 1540 को कुम्भलगढ़ के दुर्ग 'बादल महल' में हुआ था |
प्रश्न 26:- अकबर द्वारा प्रताप की अधीनता स्वीकार करवाने के लिए भेजे गये चार दलों का उल्लेख कीजिये |
उतर:- (1) 1572 में जलाल खां (2) जून, 1573 में मान सिंह (3) अक्टूबर, 1573 ई:- में भगवानदास (4) दिसम्बर, 1573 में टोडरमल |
प्रश्न 27:- हल्दीघाटी का युद्ध कब हुआ और किस किसके बीच हुआ ?
उतर:- 18 जून, 1576 को हल्दीघाटी का युद्ध महाराणा प्रताप और मुगलों के बीच हुआ |
प्रश्न 28:- राणा प्रताप के युद्ध- क्षेत्र से चले जाने के बाद किसने राजपूतों की सेना का नेतृत्व किया ?
उतर:- बड़ी सादड़ी के झाला मन्ना ने |
प्रश्न 29:- महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक की छतरी कहाँ बनी हुई है ?
उतर:- बालिचा गावं में |
प्रश्न 29:- दिवेर का युद्ध कब और किस- किसके बीच हुआ ?
उतर- 1582 में दिवेर का युद्ध महाराणा प्रताप और मुगलों के बीच हुआ जिसमे दिवेर का हाकिम सुल्तान खान मारा गया |
प्रश्न 30:- महाराणा प्रताप ने किसे अपनी राजधानी बनाया ?
उत्तर- चावंड को |
प्रश्न 31:- हल्दीघाटी को मेवाड की ' थर्मोपल्ली ' किसने कहा ?
उत्तर- कर्नल जेम्स टोड ने|
प्रश्न32:- जेम्स टोड ने दिवेर के युद्ध को क्या संज्ञा दी?
उतर- मेवाड़ का मेराथन |
प्रश्न33:- राव चन्द्रसेन कौन था ? वह गद्दी पर कब बैठा ?
उतर- राव चन्द्रसेन मालदेव का पुत्र था | वह 31 दिसम्बर, 1562 को मारवाड़ की गद्दी पर बैठा |
प्रश्न 34:- प्रताप का अग्रगामी किसे कहा जाता है ?
उतर- राव चंद्रसेन को |
प्रश्न35:- दातानी नामक युद्ध कब हुआ और किस- किसके बीच हुआ ?
उतर:-दातानी नामक युद्ध 1583 में देवड़ा सुरतान तथा मुगलों के बीच हुआ |
प्रश्न 36:- रायसिंह ने बीकानेर के दुर्ग में कौनसी प्रशस्ति लगवाई ?



शेखावाटी मिशन - 100

उतर:- रायसिंह प्रशस्ति |
प्रश्न-37:- रायसिंह द्वारा रचित दो ग्रंथो के नाम लिखिए |
उतर:- 1:- रायसिंह महोत्सव 2:- ज्योतिष रत्नमाला |
प्रश्न38:- सवाई जय सिंह द्वितिय का जन्म कब हुआ ?
उतर:- 3 सितम्बर, 1688 को |
प्रश्न 39:- सवाई जयसिंह किसके पुत्र थे?
उतर:- बिशन सिंह के |
प्रश्न- 40:- देबारी समझौता किस-किसके बीच हुआ ?
उतर:- देबारी समझौता आमेर के शासक सवाई जयसिंह तथा मेवाड के शासक अमरसिंह द्वितीय के बीच हुआ |
प्रश्न 41:- जाटों के दमन से प्रसन्न होकर मुगल सम्राट मुहम्म्दशाह ने सवाई जयसिंह को कौनसी उपाधि प्रदान की ?
उतर:-'राजराजेश्वरी राजाधिराज सवाई' की उपाधि |
प्रश्न42:- सवाई जयसिंह दितीय ने ज्योतिष विधा पर कौनसे ग्रन्थ की रचना की ?
उतर- जयसिंह कारिका की |
प्रश्न 43 सवाई जयसिंह ने ज्योतिष के अध्यन के लिए बनवाई गयी कौनसी वैधशालाओं का निर्माण करवाया ?
उतर- :- जयपुर, दिल्ली,मथुरा , बनारस , उज्जैन
प्रश्न44:- सवाई जयसिंह दितीय द्वारा बनवाई गयी पांच वैधशालाओं में सबसे बडी वेधशाला कौनसी है ?
उतर- जन्तर मन्त्र जयपुर |
प्रश्न45:- जयपुर का जन्तर मंतर क्या है ?
उतर- एक वेधशाला |
प्रश्न46:- जयपुर नगर को बसाने वाले कौन थे ?
उतर -सवाई जय सिंह |
प्रश्न 47:- कौन अंतिम हिन्दू शासक , जिसने राजस्व, वाजपेय/ अश्वमेघ यज्ञ करवाया और कब करवाया ?
उतर- सवाई जयसिंह अंतिम हिन्दू शासक था जिसने 1740 ई में ये यज्ञ करवाए |
प्रश्न 48:- अमर सिंह राठोड कौन था ?
उतर - अमर सिंह राठोड जोधपुर के महाराजा गजसिंह का पुत्र था |
प्रश्न 49:- अमर सिंह राठोड ने मुगल सेनापति सलावत खान का वध क्यों कर दिया ?
उतर- सलावत खान ने मुगल दरबार में अमर सिंह राठोड को 'गंवार' कह दिया था |
प्रश्न 50:- शिवाजी का जन्म कब और कहा हुआ ?
उतर- 20 अप्रैल , 1627 को शिवनेर के दुर्ग में शिवाजी का जन्म हुआ |
प्रश्न51:- शिवाजी का पालन - पोषण किसने किया था ?
उतर- शिवाजी की माता जिजाबाई ने शिवाजी का लालन - पोषण किया था |
प्रश्न 52:- शिवाजी ने बीजापुर के किस सेनापति का वध कर दिया था और कब ?
उतर- 1659 में शिवाजी ने बीजापुर के सेनापति अफजल खान का बघनखे से वध कर दिया था |
प्रश्न 53:- शिवाजी को मुगलों से कौनसी संधि करनी पड़ी व कब करनी पड़ी ?
उतर:- 1665 में शिवाजी को मुगलों से पुरंदर की संधि करनी पड़ी |
प्रश्न 54:- शिवाजी ने कब और कहाँ स्वतंत्र शासक के रूप में अपना राज्याभिषेक करवाया ?
उतर:- 1674 में शिवाजी ने रायगढ़ के दुर्ग में महाराष्ट्र के स्वतंत्र शासक के रूप में अपना राज्याभिषेक करवाया |
प्रश्न 55:- शिवाजी ने किस नगर को दो बार लुटा ?
उतर:- शिवाजी ने सूरत नगर को 1664 ई:- व 1670 ई:- में दो बार लूटा |
प्रश्न 56:- विजय नगर साम्राज्य की स्थापना कब व किसने की थी ?
उतर :- 1336 ई:- में हरिहर व बुक्का ने |
प्रश्न 57:- विजयनगर के किस स्थल को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत सरंक्षण के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है ?
उतर:- हम्पी नमक स्थल को |
प्रश्न 58:- विजयनगर राज्य के किस शासक को 'गजबेटकर' (हाथियों का शिकारी) की उपाधि दी गयी थी ?

उतर:- देवराज द्वितीय को |

प्रश्न 59:- विजयनगर राज्य के किस शासक के शासनकाल में कौनसे विदेशी यात्री आए ?

उतर:- देवराज द्वितीय के शासनकाल में इटली का यात्री निकोलो कोन्टी तथा फारस का राजदूत अब्दुर्रज्जाक ने विजयनगर की यात्रा की |

प्रश्न 60:- बहमनी राज्य किन स्वतंत्र राज्यों में विभाजित हो गया था ?

उतर:- बहमनी राज्य पांच स्वतंत्र राज्यों में विभाजित हो गया | ये राज्य थे (1) बरार (2) बीदर (3) अहमदनगर (4) गोलकुंडा (5) बीजापुर |

प्रश्न 61:- गुरुनानक देव का जन्म कब हुआ ?

उतर:- 15 अप्रैल, 1469 को

प्रश्न 62:- अमृतसर की स्थापना किस गुरु ने की ?

उतर:- गुरु रामदास ने |

प्रश्न 63:- गुरु अर्जुनदेव का वध किस मुग़ल सम्राट ने करवा दिया ?

उतर:- जहाँगीर ने |

प्रश्न 64:- अकाल तख़्त का निर्माण कब हुआ ?

उतर:- 1699 ई:- में |

<u>प्रश्न 65:- औरंगजेब ने गुरु तेगबहादुर का सिर क्यों कटवा दिया?</u>

उतर:- क्योंकि गुरु तेगबहादुर ने इस्लाम धर्म ग्रहण करने से इंकार कर दिया था |

प्रश्न 66:- किस गुरु के लिए लिखा गया है - "सिर दिया पर सार (सिरड) नहीं दिया |"

उतर:- यह गुरु तेगबहादुर के लिए लिखा गया है |

प्रश्न 67:- गुरु तेगबहादुर का स्मारक किस नाम से कहाँ स्थित है ?

उतर:- गुरु तेगबहादुर का स्मारक चांदनी चौक दिल्ली में 'सीसगंज गुरुद्वारा' नाम से स्थित है |

<u>प्रश्न 68:- सिक्खों के दसवें तथा अंतिम गुरु कौन थे ?</u>

उतर:- गुरु गोविन्द सिंह |

<u>प्रश्न 69:- 'खालसा पंथ' की स्थापना किसने की और कब की ?</u>

उतर:- 'खालसा पंथ' की स्थापना 1699 ई:- में गुरु गोविन्द सिंह ने की |

प्रश्न 70:- खालसा पंथ के सिक्खों को कौनसी पांच चीजें रखना आवश्यक है ?

उतर :- (1) कड़ा (2) केश (3) कच्छ (4) कृपाण (5) कंघा |

प्रश्न 71:- गुरु गोविन्द सिंह के किन पुत्रों को सरहिंद के किले की दीवार में जिन्दा चुनवा दिया गया ?

उतर :- जोरावर सिंह व फतेह सिंह को |

प्रश्न 72:- बंदा बैरागी का मूल नाम क्या था ?

उतर:- माधोदास |

प्रश्न 73:-कुतुबद्दीन ऐबक का अन्य नाम क्या था ?

उत्तर :लाख बख्श

<u>प्रश्न 74:- कुतुबमीनार का निर्माण दिल्ली सल्तनत के किस शासक ने करवाया ?</u>

उत्तर : कुतुबद्दीन

प्रश्न 74:- कुतुबमीनार का निर्माण किस सूफी संत की स्मृति में करवाया गया था ?

उत्तर:- ख्वाजा कुतुबद्दीन बख्तियार काकी

प्रश्न 75:- तुर्की सम्राज्य का वास्तविक संगठनकर्ता किसे मान जाता है ?

उत्तर :- इल्तुतमिश

प्रश्न 76:- इल्तुतमिश ने रणथम्भोर कब जीता ?

उत्तर :-1226

प्रश्न 77:- दिल्ली सल्तनत की प्रथम महिला सुल्तान का नाम क्या था ?

उत्तर : रजिया सुल्तान

प्रश्न 78:- रजिया सुल्तान ने अमीर अखूर के पद पर किसे नियुक्त किया ?



शेखावाटी मिशन - 100

उत्तर :-जमालुद्दीन याकूत
प्रश्न 79:- सैन्य विभाग 'दीवाने आरिज' का पुनर्गठन किसने किया ?
उत्तर :- बलबन
प्रश्न 80:- दिल्ली सल्तनत के किस सुल्तान ने अपने दरबार में फारसी प्रथाओ सिजदा और पाबोस को शुरू किया ?
उत्तर :- बलबन
प्रश्न 81:- लौह एवं रक्त की नीति को लागू करने वाला शासक कोण था ?
उत्तर :- बलबन

**लघुतरात्मक प्रश्न (1)**

प्रश्न 01. बलबन के राजस्व सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिये |
उत्तर : बलबन का राजस्व सिद्धान्त प्रसिद्ध रहा है | बलबन की मान्यता थी कि राजा पृथ्वी पर ईश्वर का प्रतिनिधि है | राजा साधारण जनता से अलग व्यक्तित्व है | वह ईश्वर द्वारा प्रदत गुणों से युक्त है जो उसे शासन करने की शक्ति प्रदान करता है | बलबन तुर्क अमीरों के विद्रोह से परिचित था | इसीलिए उसने दरबार में कठोर अनुशासन बनाये रखा | कानून व्यवस्था की स्थिति को व्यवस्थित करना, चोरो- डाकुओ का दमन एवं राजपूत जमीदारो के शासन विरोधी विद्रोहो को कुचलना उसके प्रमुख कार्य थे |
प्रश्न 01. खिलजी वंश का प्रथम शासक का नाम क्या था ?
उत्तर :जल्लालुद्दीन फिरोज खिलजी
प्रश्न 02. खिलजी वंश के किस शासक ने ' द्वितिय सिकंदर' की उपाधि धारण की ?
उत्तर :अल्लाउदीन खिलजी
प्रश्न 03. अल्लाउदीन ने रणथम्भोर और चित्तोड़ पर आक्रमण कब किया ?
उत्तर :1301 (रणथम्भोर), 1303 (चित्तोड़)
प्रश्न 04. अल्लाउदीन खिलजी के दक्षिण भारत अभियानों का सेनापति कोन था ?
उत्तर :मलिक काफूर
प्रश्न 05. अल्लाउदीन खिलजी ने दक्षिण भारत के कौन-कौन से राज्यों पर आक्रमण किया ?
उत्तर : देवगिरी, होयसल, पाडय
प्रश्न 06. विद्रोहों पर नियंत्रण के लिए अल्लाउदीन खिलजी ने कौनसे चार आदेश जारी किये ?
उत्तर : (1) अमीर वर्ग की सम्पति जब्त करना एवं खालसा भूमि को कृषि योग्य बनाकर राजस्व में वृद्धि करना (2) दिल्ली में मध निषेध (3) गुप्तचर प्रणाली का गठन (4) अमीरों के परस्पर मेल मिलाप पर रोक लगाना |
प्रश्न 07. 'खज़ाइनूल फुतूह' नामक पुस्तक का लेखक कोन है ?
उत्तर :- अमीर खुसरो
प्रश्न 08. अल्लाउदीन खिलजी का सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधार क्या था ?
उत्तर :बाजार नियंत्रण
प्रश्न 09. दीवान-ए-रियासत नामक नए विभाग की स्थापना किस सुल्तान ने की ?
उत्तर : अल्लाउदीन खिलजी
प्रश्न 10. बाजार नियंत्रण के लिए अल्लाउदीन खिलजी ने कोन कोन से अधिकारी नियुक्त किये ?
उत्तर :- (1) शाहना या दण्डाधिकारी (बाज़ार का दरोगा)
(2) मुहतसिब (जनसाधारण का रक्षक )
(3) बरीद-ए-मुमालिक (गुप्तचर अधिकारी )
प्रश्न 11. अल्लाउदीन खिलजी के द्वारा स्थानीय एवं विदेशी वस्तुओ के लिए कोनसे विभाग की स्थापना की गई ?
उत्तर :- सराए-ए-अदल
प्रश्न 12. दिल्ली सल्तनत के उस प्रथम सुल्तान का नाम क्या है जिसने सैनिको को नगद वेतन देना शुरू किया ?
उत्तर :- अल्लाउदीन खिलजी

**लघुतरात्मक प्रश्न (2) :-**अल्लाउदीन खिलजी की बाज़ार नियंत्रण प्रणाली का वर्णन करो |
उतर:- उतर नंबर 7 से 12 तक के उत्तर को जोड़कर लिखने पर उतर बनेगा |

प्रश्न1 - अलाई किला/ कुशके सीरी का निर्माण कब व किसने करवाया ?
उत्तर- सन 1303 अल्लाउदीन खिलजी द्वारा|
प्रश्न2 - दिल्ली सल्तनत के किस शासक ने स्वयं को खलीफा घोषित कर उल-वासिक-बिल्लाह की उपाधि धारण की?
उत्तर- कुतुबुदीन मुबारक खिलजी ( अल्लाहुदीन का पुत्र व उतराधिकारी)
प्रश्न 3- खिलजी वंश का अंतिम शासक कौन था ?
उत्तर- नासिरुद्दीन खुसरव शाह |
प्रश्न4 - तुगलक वंश का प्रथम शासक कौन था?
उत्तर- गयासुद्दीन तुगलक , गाजी मलिक |
प्रश्न 5- मुहम्मद तुगलक की पांच योजनाओ के नाम लिखिए |
उत्तर- 1.दोआब में कर व्रद्धि |
2. देवगिरी को राजधानी बनाना |
3. सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन |
4. खुरासान पर आक्रमण |
5.कराचित की ओर अभियान |
प्रश्न 6- मोरक्को का यात्री इब्नबतूता किस शासक के काल में भारत आया ?
उत्तर- मुहम्मद तुगलक |
प्रश्न7 - किस शासक ने सरकारी एवं सेना की नौकरी को वंशानुगत बना दिया?
उत्तर- फिरोजशाह तुगलक ने |
प्रश्न 8- फिरोजशाह तुगलक द्वारा बसाये गये प्रमुख नगरो के नाम बताइए|
उत्तर- हिसार फिरोजा, फिरोजाबाद, जौनपुर |
प्रश्न 9 - फ़िरोज़शाह तुगलक द्वारा निर्मित दो नहरों के नाम बताइए |
1. सतलज नदी से दौलपुर तक |
2. यमुना नदी से सिरमुर के पास |

प्रश्न 10- ब्राह्मणों पर जजिया नामक कर लगाने वाला तुगलक शासक कौन था ?
उत्तर- फ़िरोज़ तुगलक |
प्रश्न 11- गैर शरियत कर हटा कर जनता से केवल चार कर वसूल करने वाला शासक कौन था?
उत्तर- फ़िरोज़शाह तुगलक |
प्रश्न 12- फ़िरोज़शाह ने जनता से कौन से चार कर वसूल किये ?
उत्तर- खैराज, जकात, खम्स , जजिया |
प्रश्न 13 - दासो के लिए अलग विभाग दीवाने -ए- बंदगान की स्थापना किसने की ?
उत्तर- फ़िरोज़ तुगलक |
प्रश्न 14- भूमि की नाप के लिए 'सिकन्दरीगज' किसने चलाया?
उत्तर- सिकंदरशाह लोदी |
प्रश्न 15- ' गुलक खां' उपनाम से कविताये कोनसा शासक लिखता था?
उत्तर- सिकंदरशाह लोदी |
प्रश्न16 - पानीपत की प्रथम युद्ध कब व किनके मध्य हुआ ?
उत्तर- सन 1526 , बाबर व इब्राहीम लोदी |
प्रश्न 17- सबसे पहले सुल्तान की उपाधि किस शासक ने धारण की ?
उत्तर- महमूद गजनवी|
प्रश्न 18- सल्तनत काल में केंद्रीय शासन संस्था का क्या नाम था व इसके कितने स्तम्भ थे ?
उत्तर- मजलीस-ए- सलवत
चार थे- 1. वजीर 2. अरिजे मुमातिक 3. दीवाने इंशा 4. दीवाने रसालत

शेखावाटी मिशन - 100

प्रश्न 19- दीवाने विजारत के बारे में बताइए|
उत्तर-

- वजीर का कार्यालय दीवाने- विजारत कहलाता था
- इसे वित् विभाग कहा जा सकता है
- वजीर की सहायता हेतु मुस्तौफी ( महालेखा परीक्षक ) , खजिन , मजमादर( हिसाब संग्रहकर्ता) कर्मचारी होते थे|

प्रश्न 20 - खिलजी वंश के किस शासक ने दीवाने वकुफ़ नामक नए विभाग की स्थापना की ?
उत्तर- जलालुदीन खिलजी |
<u>प्रश्न 21- दीवाने-ए-मुस्तखराज नामक विभाग की स्थापना किसने की ?</u>
उत्तर- अल्लाउदीन खिलजी ने|
प्रश्न 22- कृषि विभाग दीवाने - अमीर- कोही की स्थापना किसने की ?
उत्तर- मुहम्मद तुगलक ने |
<u>प्रश्न 23 - निम्न का सही मिलान करें:-</u>
उत्तर - दीवाने इंशा -(1)शाही पत्र व्यव्हार विभाग का प्रमुख
(B) दीवाने रियासत- (2) विदेश मंत्री
(C) सद्र-उस-सुदूर – (3) धर्म विभाग का प्रमुख
(D) काजी उल कुजात – (4) न्याय विभाग का प्रमुख
(E) बरिद-ए-मुमालिक- (5) सूचना/गुप्तचर विभाग
प्रश्न 24- दरबार एवं राजमहल के कार्यो के लिए कौन कौन से कर्मचारी होते थे ?
उतर - (1) वकील-ए-दर (2) बारबक (3) अमीर-ए-हाजिब (4) अमीर-ए-शिकार (5) अमीर ए मजलिस (6) सर-ए-जहांदार
लघुतरातमक प्रश्न 3:- सल्तनत कालीन केंद्रीय प्रशासन पर टिप्पणी लिखिए |
उतर:- प्रश्न 17 से 24 को मिलाने पर उतर बनेगा |

प्रश्न 1:- 1669 ई. में मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश किस शासक ने दिया ?
उतर :- औरंगजेब
प्रश्न 2:- 1679 ई. में हिन्दुओ पर पुन: जजिया कर किस शासक ने लगाया?
उतर:- औरंगजेब |
प्रश्न 3 :- अकबर के काल से चली आ रही प्रण झरोखा दर्शन एवं संगीत पर रोक किस शासक ने लगाई ?
उतर:- औरंगजेब |
प्रश्न 4:- किस शासक के काल में हिन्दू व्यापारियों पर कर 5% बढ़ाया गया ?
उतर:- औरंगजेब |
लघुतरातमक प्रश्न 4:- औरंगजेब की धार्मिक नीति का वर्णन करो |
उतर:- प्रश्न 1 से 4 तक के उतर को मिलाने पर उतर बनेगा |

प्रश्न 1:- शेरशाह सूरी ने कौनसी चार बड़ी सड़को का निर्माण करवाया?
उतर:- 1. शेरशाह सूरी की सबसे लम्बी सड़क बंगाल के सोनारगाँव से लेकर पेशावर तक थी जिसका अस्तित्व आज भी है |
2. दूसरी सड़क आगरा से बुहरानपुर तक
3. तीसरी सड़क आगरा से जोधपुर तथा चित्तोड़ तक जाती थी |
4. चौथी सड़क लाहौर से मुल्तान तक जाती थी |
प्रश्न 2:- शेरशाह सूरी ने मुद्रा ढलाई में क्या सुधार किये ?
उतर:- 1. शेरशाह ने पुराने और मिश्रित धातुओं के बने हुए सिक्को का प्रचलन बंद कर दिया तथा उनके स्थान पर सोने, चांदी तथा तांबे के नये सिक्के प्रचलित किये |
2. उसने तांबे का 380 ग्रेन का दाम तथा चांदी का 178 ग्रेन का दाम का रुपया जारी किया |
प्रश्न 3:- शेरशाह ने लगान व्यवस्था के लिए कौनसी प्रणाली प्रचलित की ?

शेखावाटी मिशन - 100

उतर:- 1. गल्लाबख्शी/ बंटाई

2. नश्क मुक्ताई या कनकुत

3. जब्ती प्रणाली |

लघुतरातमक प्रश्न 5:- शेरशाह सूरी के साम्राज्य सुधारों पर प्रकाश डालिए |

उतर:- प्रश्न 1 से 3 के उतर

लघुतरातमक प्रश्न 6:- राव चन्द्रसेन को महाराणा प्रताप का अग्रगामी क्यों कहा जाता है ?

उतर:- राव चन्द्रसेन को प्रताप का अग्रगामी कहा जाता है क्योंकि चन्द्रसेन राजस्थान का प्रथम शासक था जिसने परम्परागत राजपूती भावना का निर्वाह करते हुए अपनी स्वाधीनता की रक्षा की | उसने अपने सीमित साधनों से शक्तिशाली मुग़ल सम्राट अकबर से लोहा लिया था परन्तु उसकी अधीनता स्वीकार नहीं की | उसे काफी समय तक पहाड़ों में रहना पड़ा और मुगलों का मुकाबला करने के लिए उसने छापामार युद्ध पद्दति का सहारा लिया | जिस स्वतंत्रता की ज्योति को राव चन्द्रसेन ने प्रज्वलित किया था उसका निर्वाह महाराणा प्रताप ने ही किया था |

प्रश्न 1:- 1725 ई. में नक्षत्रों की गति की गणना करने के लिए एक शुद्ध सारणी का निर्माण किस शासक ने करवाया था ?

उतर:- सवाई जयसिंह

प्रश्न 2:- जयसिंह से ज्योतिष विद्या पर कोनसा ग्रन्थ लिखा ?

उतर:- जयसिंह कारिका

प्रश्न 3:- भारत में ज्योतिष के अध्ययन के लिए पंच स्थानों पर पांच वैध शालाएं किस शासक द्वारा बनवाई गई ?

उतर:- सवाई जयसिंह |

प्रश्न 4:- सवाई जयसिंह ने कौन कौन से स्थानों पर पांच वैधशालाएं बनवाई ?

उतर:- जयपुर, दिल्ली, मथुरा, बनारस , उज्जैन

प्रश्न 5:- सवाई जयसिंह द्वारा बनवाई गई पांचो वैधशालाओं में से सबसे बड़ी वैध शाला कौनसी है ?

उतर :- जयपुर का जंतर मंतर |

नोट:- जयपुर के जंतर मंतर को जुलाई 2010 ई . में यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया |

प्रश्न 6:- जयपुर नगर की स्थापना कर इसे राजधानी किस शासक ने बनाया?

उतर :- सवाई जयसिंह |

प्रश्न 7:- जलमाहलों का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया ?

उतर :- सवाई जयसिंह |

लघुतरातमक प्रश्न 7:- सवाई जयसिंह द्वितीय के काल में ज्ञान विज्ञान तथा कला की उन्नति का वर्णन कीजिये |

उतर:- प्रश्न 1 से 7 तक को जोड़ने पर इस प्रश्न का उतर बनेगा |

प्रश्न 1:- पुरंदर की संधि कब व किनके मध्य हुई ?

उतर :- 1665 ई. में |

आमेर के राजा मिर्जा राजा जयसिंह व शिवाजी के मध्य |

प्रश्न 2:- शिवाजी को पुरंदर की संधि करने के लिए विवश क्यों होना पड़ा ?

उतर:- 1664 में शिवाजी ने मुगलों के अधीन सूरत नगर को लूटा व अनेक मुग़ल प्रदेशों व दुर्गों पर अपना अधिकार कर लिया इससे क्रुद्ध होकर औरंगजेब ने मिर्जा राजा जयसिंह व दिलेर खां के नियंत्रण में मुग़ल सेना शिवाजी को पराजित करने के लिए भेजी | जिसने शिवाजी के अनेक किलों पर अधिकार कर लिया व पुरंदर के किले को घेर लिया | इस कारण अंत में विवश होकर शिवाजी को 1665 में पुरंदर की संधि करनी पड़ी |

प्रश्न 3:- पुरंदर की संधि की प्रमुख शर्तों का उल्लेख कीजिये |

उतर:- पुरंदर की संधि की प्रमुख शर्तें निम्न है :-

1. शिवाजी ने अपने कुल 35 दुर्गों में से 23 दुर्ग मुगलों को सौंप दिए और मात्र 12 दुर्ग अपने पास रखे |
2. शिवाजी के बड़े पुत्र शम्भाजी को मुग़ल दरबार में पांच हजारी मनसबदार बनाया गया |

लघुतरात्मक प्रश्न 8:- शिवाजी को पुरंदर की संधि क्यों स्वीकार करनी पड़ी ? इस संधि की प्रमुख शर्तों का उल्लेख करो |

उतर:- 1 के 3 तक के उतर मिलाने पर इस प्रश्न का उतर बनेगा |

लघुतरात्मक प्रश्न 9:- वीर तानाजी राव मालुसरे का परिचय देते हुए मराठा साम्राज्य निर्माण में इसका योगदान बताइए |



शेखावाटी मिशन - 100

उतर:- वीर तानाजी राव मालसुरे का जन्म महाराष्ट्र के कोंकण प्रान्त में महाड के पास उमरथे में हुआ |

- वे बचपन से ही छत्रपति शिवाजी के दोस्त थे और उनके साथ हर युद्ध में शामिल होते थे |

  मराठा साम्राज्य में योगदान:-

  कोंडाना विजय:- शिवाजी की विजयों में कोंडाना विजय भी एक महत्वपूर्ण विजय थी | शिवाजी की तरफ से कोंडाना का किला तानाजी राव मालसुरे ने जीता था |
- तानाजी अपने भाई सूर्या जी व शेलार मामा के साथ 342 सैनिक लेकर कोंडाना विजय पर गये |
- तानाजी ने कोंडाना किला मुग़ल सूबेदार उदयभान राठौड़ से जीता परन्तु स्वयं वीरगति को प्राप्त हुए |
- तानाजी की स्मृति में कोंडाना के किले का नाम बदलकर सिंहगढ़ कर दिया गया |

प्रश्न 1:- निम्न का सही मिलान करो :-

| शिवाजी के विजय अभियान | सन |
|---|---|
| 1. तोरण दुर्ग | a. 1646 |
| 2. बीजापुर से रायगढ़ व चाकन दुर्ग | b. 1646 |
| 3. सिंहगढ़ बारामती इंद्रपुर पुरंदर | c. 1647 |
| 4. कल्याण व जावली का दुर्ग | d. 1656 |
| 5. अफजल खां का पतन | e. 1659 |
| 6. शायस्ता खां पर रात्रि आक्रमण | f. 1663 |

उतर:- सभी सही है |

प्रश्न 2:- विजयनगर साम्राज्य की नींव किसने डाली ?

उतर :- हरिहर व बुक्का ने |

प्रश्न 3:- विजयनगर साम्राज्य का प्रथम शासक कौन था ?

उतर:- हरिहर, 1336 ई.

प्रश्न 4:- होयसल राज्य पर कब व किसने अधिकार किया ?

उतर:- हरिहर प्रथम ने 1346 में |

प्रश्न 5:- हरिहर का उतराधिकारी कौन बना?

उतर:- बुक्का, 1346 ई.

प्रश्न 6:- बुक्का ने कौन कौन से प्रदेशों को जीतकर विजयनगर में मिलाया ?

उतर:- सम्पूर्ण दक्षिण भारत, रामेश्वरम, तमिल व चेर प्रदेश |

प्रश्न 7:- बुक्का का उतराधिकारी कौन बना?

उतर:- हरिहर द्वितीय

प्रश्न 8:- हरिहर द्वितीय के शासन की मुख्य विशेषताएं बताइए |

उतर:- 1. हरिहर द्वितीय शिव के विरूपाक्ष रूप का उपासक था |

2. इसके काल में विजयनगर सम्राज्य मैसूर वनारा त्रिचनापल्ली तथा कांजीवरम सहित दक्षिण भारत तक फ़ैल गया था |

प्रश्न 9:- विजयनगर के किस शासक ने गजबेटकर (हाथियों का शिकारी) की उपाधि धारण की ?

उतर:- देवराय द्वितीय

प्रश्न 10:- विजयनगर के किस शासक ने पहली बार अपनी सेना में मुस्लिमो को भर्ती किया ?

उतर:- देवराय द्वितीय |

प्रश्न 11:- विजयनगर के किस शासक के काल में इटली का यात्री निकोलो कोन्टी एवं फारस को दूत अब्दुर्रज़ाक आये थे ?

उतर:- देवराय द्वितीय |

प्रश्न 12:- विजयनगर साम्राज्य के अंतिम शासक कौन थे ?

उतर:- मल्लिकार्जुन व विरूपाक्ष |

लघुतरात्मक प्रश्न 10:- विजयनगर साम्राज्य का परिचय दीजिए |

उतर:- प्रश्न 2 से 12 तक को जोड़ने पर उतर बनेगा |



शेखावाटी मिशन - 100

लघुतरात्मक प्रश्न 11:- बहमनी साम्राज्य का परिचय दीजिए |
उतर :- 1347 ई. में अल्लाउदीन बहमन शाह ने बहमनी राज्य की स्थापना की | उसने कुलबर्ग को अपनी राजधानी बनाया |

- बहमनी राज्य की 9 वे सुल्तान अहमद ने बीदर को अपनी राजधानी बनाया |
- 13 वें सुल्तान मुहम्मद तृतीय ने मुहम्मद गवां नामक योग्य मंत्री को मृत्यु दंड दे दिया | गवां की मृत्यु के बाद बहमनी राज्य का पतन शुरू हो गया |
- अंतिम सुल्तान महमूद के राज्यकाल में बहमनी साम्राज्य पांच प्रान्तों में विभाजित हो गया :-
    1. बरार
    2. बीदर
    3. अहमदनगर
    4. गोलकुंडा
    5. बीजापुर

लघुतरात्मक प्रश्न 12:- गुरु नानक देव/ सिक्ख धर्म की प्रमुख शिक्षायों का वर्णन कीजिए |
उतर :- गुरु नानक देव की शिक्षाए :-

1. मानवीय भेद भाव का विरोध |
2. एक ईश्वर में विश्वास |
3. नाम की महता पर बल |
4. गुरु के महत्व पर बल |
5. मानव के शुभ कर्मो पर बल |

लघुतरात्मक प्रश्न 13:- खालसा पंथ पर टिप्पणी लिखिए |
उतर:- 1699 ई. में गुरु गोविन्दसिंह ने 'खालसा पंथ' की स्थापना की |

- उन्होंने खालसा पंथ के सिक्खों के लिए पांच कंकार रखना आवश्यक बताया
  1.कड़ा 2. केश 3. कच्छा 4. कृपाण 5. कंघा
- औरंगजेब से युद्ध की आशंका के कारण उन्होंने 1699 ई. में ही आनंदपुर साहिब में एक सैनिक केद्र खोल दिया |

अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न :-
प्रश्न 1:- बादशाह की उपाधि धारण करने वाला शासक कौन था ?
उतर:- बाबर
प्रश्न 2:- निम्न को सुम्मेलित करो -

| | |
|---|---|
| (A) पानीपत (1526 ई. ) | बाबर व इब्राहीम लोदी के मध्य |
| (B) खानवा (1527 ई.) | बाबर व राणा सांगा के मध्य |
| (C) चंदेरी (1528 ई.) | बाबर व मेदिनी राय के मध्य |
| (D) घाघरा (1529 ई.) | बाबर व अफगान सरदारों के मध्य |

## उतर:- सभी सही है |

प्रश्न 3:- बाबर का मकबरा कहाँ है ?
उतर :- काबुल
प्रश्न 4:- बाबर ने अपनी आत्मकथा तुजुक ए बाबरी' कौनसी भाषा में लिखी ?
उतर :- तुर्की भाषा |
प्रश्न 5:- बाबरनामा/ तुजुके बाबरी का फारसी भाषा में अनुवाद किसने किया ?
उतर:- अब्दुर्रहीम खानखाना |
प्रश्न 6:- 'दीन पनाह' नामक नगर की स्थापना किसने की ?

शेखावाटी मिशन - 100

उतर:- हुमायूँ |

प्रश्न 7:- चौसा का युद्ध कब व किनके मध्य हुआ ?

उतर:- 1539, हुमायूँ व शेरशाह सूरी के मध्य |

प्रश्न 8:- शेरशाह का वास्तविक नाम क्या था ?

उतर:- फरीद |

प्रश्न 9:- शेर खां ने शेरशाह की उपाधि कब धारण की ?

उतर:- चौसा की जीत के बाद |

प्रश्न 10:- कन्नोज/ बिलग्राम का युद्ध कब व किनके मध्य हुआ ?

उतर:- 1540 ई. में हुमायूँ व शेरशाह |

प्रश्न 11:- हुमायूँ दूसरी बार दिल्ली की गद्दी पर कब बैठा ?

उतर:- 23 जुलाई 1555 ई.

**इकाई (3) - अंग्रेजी साम्राज्य का प्रतिकार एवं संघर्ष** **अंकभार-6(1)**

**प्रश्न का प्रकार :- निबंधात्मक प्रश्न**

प्रश्न 1 .कुल कितने आंग्ल- मैसूर संघर्ष हुए ?

उतर- चार |

प्रश्न 2. निम्न पर टिप्पणी लिखो -

1. प्रथम आंग्ल-मैसूर संघर्ष
2. दितीय आंग्ल-मैसूर संघर्ष
3. तृतीय आंग्ल-मैसूर संघर्ष
4. चतुर्थ आंग्ल-मैसूर संघर्ष

उत्तर- 1. प्रथम आंग्ल-मैसूर संघर्ष- प्रथम आंग्ल- मैसूर संघर्ष के समय मैसूर का राजा हैदर अली था |

- हैदर अली ने कूटनीति से मराठो को युद्ध में तटस्थ कर दिया और निजाम को प्रादेशिक लोभ देकर अपनी तरफ मिला लिया |
- 1767 में हैदर अली ने अंग्रेजो पर आक्रमण कर दिया व युद्ध जीत लिया |
- युद्ध का अंत 1769 ई में 'मद्रास की संधि ' से हुआ तथा इस संधि के तहत दोनों ने एक – दुसरे के जीते हुए प्रेदश वापस लौटा दिए |

2. दितीय आंग्ल-मैसूर संघर्ष- हैदर अली अंग्रेजो के गुंटूर पर अधिकार से नाराज था | अत: हैदर अली ने निजाम व मराठो के साथ मिलकर अंग्रेजो के विरुद्ध युद्ध किया | युद्ध के बीच में ही हैदर की मृत्यु हो गयी तथा युद्ध का नेतृत्व टीपू सुल्तान पर आ गया | यह युद्ध अनिर्णायक रहा व दोनों ने 1784 में मंग्लोरे की संधि कर एक दुसरे के विजित प्रदेश वापस लौटा दिए |

3. तृतीय आंग्ल-मैसूर संघर्ष- ट्रावन्कोर पर अधिकार के प्रश्न पर टीपू ने ट्रावन्कोर पर आक्रमण कर दिया | जवाब में अंग्रेज अधिकारी कार्नवालिस ने विशाल सेना के साथ मैसुर पर आक्रमण कर दिया | युद्ध में टीपू की हार हुई व् टीपू को 1792 में श्रीरंग्पटनम की संधि करनी पड़ी |

4. चर्तुथ आंगल-मैसूर युद्ध: - वेलेजली 1798 ई. में गवर्नर जनरल बनकर भारत आया | वह एक साम्राज्यवादी गवर्नर था | उसने 1799 ई में टीपू के विरुद्ध अभियान प्रारंभ किया | 4 मई 1799 ई को श्रीरंगपट्टनम का दुर्ग जीत लिया तथा मैसूर की स्वतंत्रता समाप्त हो गई |

प्र. 3 प्रथम आंगल-सिख संघर्ष का वर्णन कीजिये |

उ. रणजीत सिंह की मृत्यु के बाद पंजाब में अशांति फ़ैल गई और अंग्रेजों ने सिख सरदारों में फूट डालकर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाई | महाराजा दिलीप सिंह के समय 13 दिसम्बर 1845 को गवर्नर जनरल होर्डिंग्स ने सिखों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी | 10 फरवरी 1846 को सबराओं के युद्ध में सिखों की निर्णायक पराजय हुई | अंग्रेजों ने लाहोर पर अधिकार कर लिया |

- 01 मार्च 1846 को लाहोर की संधि हुई जिसके अनुसार



शेखावाटी मिशन - 100

- जालंधर दोआब अंग्रेजी राज्य में मिलाया गया |
- डेढ़ करोड़ राशि युद्ध क्षति के रूप में सिखों ने अंग्रेजों को देना स्वीकार कर लिया |

प्र. 4 द्वितीय आंगल सिख संघर्ष व पंजाब के अंग्रेजी राज्य में विलय का वर्णन करों |

उ. द्वितीय आंगल सिख संघर्ष के प्रमुख कारणों में 1847-48 ई में अंग्रेजों द्वारा पंजाब में अनेक ऐसे सुधार करना जो सिख विरोधी थे, फ़ौज से मुक्त किये गए सैनिकों का असंतोष तथा रानी जिन्दा के अधिकारों का छीन जाना व उसका बदला लेना चाहती थी |

- 10 अक्टूबर 1848 ई. को गवर्नर जनरल डलहोजी ने सिक्खों के नाम युद्ध करने की घोषणा के साथ ही युद्ध प्रारम्भ हो गया और 13 मार्च 1849 को शेर सिंह , छातर सिंह, मूलराज आदि सिक्खों के समपर्ण के साथ ही युद्ध समाप्त हो गया | डलहौजी ने 29 मार्च 1849 ई को एक घोषणा द्वारा पंजाब का ब्रिटिश भारत में विलय कर लिया |

प्र. 5 1857 की क्रांति का स्वरूप व क्रांति के प्रमुख कारणों पर प्रकाशडालिए |

उत्तर- डा विनायक दामोदर सावरकर ने अपनी पुस्तक :- भारत का स्वतंत्रता संग्राम में इस क्रांति (1857 की ) को भारत का स्वतंत्रता संग्राम बताया है |

1857 की क्रांति के कारण :-

१. अंग्रेजो की आर्थिक क्रांति
२. लार्ड डलहौजी का हड़प सिदांत
३. अंग्रेजो की साम्राज्य विस्तार की नीति
४. सामाजिक, धार्मिक, सैनिक कारण|

प्र 6 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण क्या था ?

उत्तर. चर्बी लगे कारतूस |

प्र 7 1857 की क्रांति के प्रारम्भ व प्रसार प्र टिप्पणी लिखो|

उत्तर. 29 मार्च 1857 को बैरकपुर छावनी के सैनिक मंगल पांडे ने विद्रोह कर एक अंग्रेज अधिकारी की हत्या कर दी

- सर्वप्रथम क्रांति की शुरुआत 10 मई 1857 को मेरठ छावनी से हुई क्रांतिकारियों ने दिली पर अधकार कर बहादुरशाह जफर को क्रांति का नेतृत्व शोप दिया
- अंग्रेजो ने सितम्बर 1857 को दिल्ली पर पुन: अधिकार कर लिया इस युद्ध में अंग्रेज अधिकारी जॉन निकल्सन मारा गया |
- लेफ्टिनेंट हडसन ने सम्राट को बंदी बना लिया व हुमायु के मकबरे में सम्राट के दो पुत्रो व एक पौते की गोली मारकर हत्या कर दी

| केंद्र | विद्रोही | विद्रोह का दिन | विद्रोह को दबाने वाले अंग्रेज अधिकारी |
|---|---|---|---|
| लखनऊ | बेगम हजरत महल | 4 जून 1857 | कैम्पबैल |
| झाँसी | रानी लक्ष्मी बाई | 4 जून 1857 | हूरोज |
| कानपूर | नाना साहिब | 5 जून 1857 | कैम्पबैल |
| बिहार | कुवंर सिंह | जून 1857 | टेलर |
| बरेली | बहादुर खान | - | कैम्पबैल |
| | | | |

प्र8 सन्यासी विद्रोह पर टिप्पणी लिखो|

उत्तर:- सन्यासी विद्रोह :- बंगाल में 1769-70 ई में भीषण अकाल पड़ने पर भी कंपनी के अधिकारियो ने कर कठोरता के साथ वसुले |

- अंग्रेजो ने सन्यासी लोगो की तीर्थ यात्रा पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया जिससे सन्यासी लोग नाराज हो गये |

शेखावाटी मिशन - 100

उतर :— भारत में चैन्नई(तमिलनाडू)

प्रश्न 16 राजस्थान में प्रथम सीमेन्ट कारखाने की स्थापना कहां हुई।

उतर :— लाखेरी (बून्दी )

प्रश्न 17 राजस्थान के किस शहर को सीमेन्ट नगरी कहां जाता है?

उतर :— चितौडगढ

प्रश्न 18 राजस्थान में स्थित स्थित सफेद सीमेन्ट कारखानों के नाम लिखो?

उतर :— 1. गोटन (नागोर)

2. खारिया खंगार (जोधपुर)

प्रश्न 19 भारत में अखबारी कागज का उत्पादन कहां होता है?

उतर :— नेपानगर (मध्यप्रदेश)

प्रश्न 20 भारत में नोट (मुद्रा) छापने के कागज का सरकारी कारखाना कहां स्थित है?

उतर :— होंसगाबाद (मध्यप्रदेश)

प्रश्न 21 देश में सर्वाधिक सीसे जस्ते के भण्डार कहां स्थित है?

उतर :— अरावली पर्वत श्रेणी में।

प्रश्न 22 देश की सबसे बडी खारे पानी झील कौनसी है?

उतर :— सांभर

प्रश्न 23 देश में सर्वाधिक नमक उत्पादन किस झील में होता है?

शेखावाटी मिशन – 100

उतर सांभर

प्रश्न 24 तिलहन उत्पादन में राजस्थान का कौनसा स्थान है

उतर :— प्रथम

प्रश्न 25 किस उद्योग को उद्योगों की जननी कहां जाता है?

उतर  लौह इस्पात उद्योग

## शेखावाटी मिशन – 100

अध्याय संख्या :— 12 मानव संसाधन

अंक भार :— 3

अति लघूत्तरात्मक व लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 भारत की दशकीय वृद्धि दर कितनी है?

उतर 17.64

प्रश्न 2 सर्वाधिक जनसंख्या वाले चार देशों के नाम लिखों

उतर :—1 चीन 2 भारत 3 सयुक्त राज्य अमेरिका 4 इण्डोनेशिया

प्रश्न 3 भारत में विश्व की कितने प्रतिशत जनंसख्या निवास करती हैं?

उतर :— 17.5

प्रश्न 4 सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है?

उतर :— उतरप्रदेश

प्रश्न 5 सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है?

उतर :— सिक्किम

प्रश्न 6 राजस्थान में सबसे अधिक जनसंख्या किन जिलों में निवास करती हैं?

उतर :— जयपुर , जोधपुर

प्रश्न 7 सबसे कम जनसंख्या किन जिले में निवास करती है?

उतर :— जैसलमेंर

प्रश्न 8 राज्य में देश की कितना प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है?

उतर :— 5.67

प्रश्न 9 जनसंख्या में वृद्धि या कमी का कारण क्या है?

उतर :— जन्म , मृत्यु व प्रवास

प्रश्न 10 राजस्थान की दशकीय वृद्धि दर कितनी है?

उतर :— 21.44

शेखावाटी मिशन – 100

प्रश्न 11 2011 की जनसंख्या में राज्य में सर्वाधिक व न्यूनतम वृद्धि किन जिलों में हुई?

उतर :– सर्वाधिक :– बाडमेंर , न्यूनतम :– श्री गंगानगर

प्रश्न 12 भारत में सर्वाधिक प्रवास अन्तरराज्जीय स्तर पर होने का प्रमुख कारण क्या है?

उतर : – विवाह के बाद महिलाए की प्रवासित संख्या अधिक है

प्रश्न 13 जनंसख्या घनत्व किसे कहते है भारत व राजस्थान का जनसंख्या घनत्व कितना है?

उतर :– प्रति वर्ग किलोमीटर में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते है

भारत का जनसंख्या धनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्गकिलो मी.

राजस्थान का जनसंख्या धनत्व 201 व्यक्ति प्रति वर्गकिलो मी.

प्रश्न8 14 भारत के किस राज्य में सर्वाधिक व न्यूनतम जनसंख्या घनत्व पाया जाता है?

उतर :– सर्वाधिक :– बिहार

न्यूनतम :– अरूणाचल प्रदेश

प्रश्न 15 राजस्थान में (2011 की जनसंख्या के अनुसार सर्वाधिक व न्यूनतम जनसंख्या घनत्व किन जिलों का है?

उतर :– सर्वाधिक :– जयपुर 598

न्यूनतम :– जैसलमेर 17

प्रश्न 16 भारत का साक्षरता प्रतिशत कितना है?

उतर :– 74.04

प्रश्न 17 सर्वाधिक व न्यूनतम साक्षरता वाले राज्य कौन कौन से है ?

उतर :– सर्वाधिक :– केरल

न्यूनतम :– बिहार

प्रश्न 18 सर्वाधिक व न्यूनतम साक्षरता वाले राजस्थान के जिले कौन कौन से है?

उतर :– सर्वाधिक :– कोटा

न्यूनतम :– जालौर

प्रश्न 19़ राजस्थान का साक्षरता प्रतिशत कितना है?

उतर :– 67.07 प्रतिशत

प्रश्न 20 राजस्थान में साक्षरता हेतु संचालित कार्यक्रमों के नाम लिखों?

उतर (1) प्रौढ़ शिक्षा (2) सत्त साक्षरता

प्रश्न 21 बालिका शिक्षा बढावा देने हेतु संचालित दो योजनाओं के नाम लिखें

उतर :– 1. ट्रांसपोर्ट वाउचर



शेखावाटी मिशन - 100

2. गार्गी पुरूस्कार

3. आपकी बेटी योजना

प्रश्न 22 लिगानुपात किसे कहते है भारत का लिगानुपात कितना है?

उतर :– परिभाषा प्रति हजार पुरूषों पर महिलाओं की संख्या को लिगानुपात कहा जाता है।

भारत का लिगानुपात :– 940

प्रश्न 23 भारत में सर्वाधिक व न्यूनतम लिगांनुपात किन राज्यों का है?

उतर :– सर्वाधिक :– केरल (1084)

न्यूनतम :– हरियाणा (879)

प्रश्न 24 राजस्थान का लिगानुपात कितना है?

उतर :– 928

प्रश्न 25 राजस्थान में सर्वाधिक व न्यूनतम लिगानुपात किन जिलों का है?

उतर :– सर्वाधिक :– डूगरपुर

न्यूनतम :– धौलपुर

प्रश्न 26 भारत का लिगानुपात कम होने के कारण लिखों?

उतर :– 1. कन्या भ्रूण हत्या

2. महिलाओं की समाज में निम्न स्थिति

3. बाल विवाह

4. असाक्षरता

प्रश्न 27 भारत में नगर किसे कहते है?

उतर :– 1. वह स्थान जहां जनसख्ंया 5000 से अधिक रहती है।

2. जहां जनसंख्या धनत्व 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो

3. न्यूनतम 75 प्रतिश पुरूष श्रमिक गैर कृषि कार्य में संलग्न है।

4. इसके अतिरिक्त नगर पालिका नगर परिषद नगर निगम या सैनिक छांवनी बोर्ड में अधिसूचित हो

प्रश्न 28 भारत में कितने प्रतिशत जनसंख्या नगरों में निवाास करती है?

उतर :– 31.2 प्रतिशत

प्रश्न 29 राजस्थान में कितने प्रतिशत जनसंख्या नगरों में निवास करती है?

उतर :– 24.87 प्रतिशत

प्रश्न 30 परिवार नियोजन कार्यक्रम की शुरूवात भारत में कब हुई?

शेखावाटी मिशन – 100

उतर 1952

प्रश्न 31 किस वर्ष तक भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाऐगा?

उतर :– 2045 तक

## अध्याय संख्या :– 13 परिवहन एंव संचार

. अंक भार :– 3

. अति लघूत्तरात्मक व लघुत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1 राजस्थान के निकटतम बन्दरगाह कौनसे हैं?

उतर :– राजस्थान के निकटतम बन्दरगाह कांडला व मुम्बई हैं।

प्रश्न 2 किस वर्ष भारत में वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण किया गया?

उतर :– 1953 में देश के वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण किया गया ।

प्रश्न 3 प्रधानमन्त्री ग्राम सडक परियोजना की घोषणा कब की गई?
उतर :– इस योजना की घोषणा 25 दिसम्बर 2000 को की गई।
प्रश्न 4 सीमा सडक संगठन की स्थापना कब की गई?
उतर :– सीमा सडक संगठन की स्थापना 1960 में की गई।
प्रश्न 5 भारतीय उपमहाद्वीप की प्रथम रेलगाडी कब चलाई गई?
उतर :– भारतीय उप महाद्वीप की प्रथम रेलगाडी 16 अप्रैल 1853 को मुम्बई से ढाणे के बीच चलाई गई।
प्रश्न 6 स्वर्णिम चतुर्भुज महाराज मार्ग किन नगरों को जोडता है?
उतर :– स्वर्णिम चतुर्भुज महाराज मार्ग चारो महानगरों दिल्ली कोलाकाता चेन्नई व मुम्बई को जोडता है

प्रश्न 7 स्वर्णिम चतुर्भुज महाराज मार्ग का क्या उदेश्य है?
उतर :– इस परियोजना का उदेश्य महानगरों के मध्य की दूरी एवं परिवहन समय को न्यूनतम करना है।
प्रश्न 8 कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है?
उतर :– राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11 सुरक्षात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।
प्रश्न 9 राष्ट्रीय राजमार्ग 8 राजस्थान के किन शहरों से होकर गुजरता है?
उतर :– राष्ट्रीय राजमार्ग – 8 जयपुर, अजमेर, उदयपुर से होकर गुजरता है
प्रश्न 10 ऐसे दो वाहनों के नाम बताइए जिन्हें टोल से मुक्त रखा गया है।
उतर :– 1. सैनिक वाहन 2. एम्बुलेंस।
प्रश्न 11 रेल परिवहन की अपेंक्षा सडक परिवहन की बढती महता के कोई तीन प्रमुख कारण लिखिए।
उतर :– 1. सडकों के निर्माण की लागत कम आती है
2. सडकों का निर्माण ऊबड–खाबड व विच्छिन्न भू–भागों में भी किया जा सकता है।
3. सडकों का निर्माण अधिक बल प्रवणता (ढाल) तथा पहाडी क्षेत्रों में भी किया जा सकता है।
प्रश्न 12 भारत में कोई दो राष्ट्रीय जल मार्ग कौनसे है?
उतर :– 1. नौगम्य राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 सदिया व धुवरी के मध्य ब्रह्मापुत्र नदी जल मार्ग
2. नौगम्य राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 5 ब्राह्माणी नदी पर विशेष रूप से
प्रश्न 13 जवाहरलाल नेहरू विमान पतन कहॉ स्थित है?
उतर :– मुम्बई
प्रश्न 14 सुभाष चन्द्र बोस विमान पतन कहॉ स्थित है?
उतर :– कोलकाता
प्रश्न 15 इन्दिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विमान पतन कहॉ है?
उतर :– दिल्ली
प्रश्न 16 भारत की पहली विद्युत रेल का नाम लिखिए?
उतर :– डेकन क्वीन
प्रश्न 17 डबोक हवाईअड्डा कहॉ है?
उतर :– उदयपुर

शेखावाटी मिशन - 100

प्रश्न 18 भारत में वायु परिवहन का प्रारम्भ कब हुआ?
उतर :– 1911 में वायु परिवहन का प्रारम्भ इलाहबाद से नैनी के बीच प्रारम्भ की गई।
प्रश्न 19 राष्ट्रीय राजमार्ग नं.1 किन शहरों को जोडता है?
उतर :– दिल्ली व अमृतसर को
प्रश्न 20 भारतीय रेलवे द्वारा यूनि गेज प्रोजेक्ट कब चलाया गया?
उतर :– भारतीय रेलवें द्वारा यूनि गेज प्रोजेक्ट 1992 में प्रारम्भ किया गया।
प्रश्न 1 भारत के मानचित्र में निम्न स्थानों को प्रदर्शित किजिये।

उतर :– दिल्ली / मेरठ / कानपुर / कोलकाता /झांसी /नागपुर / चैन्नई /गोवा/मुम्बई




प्रश्न 2 भारत के मानचित्र में निम्न लिखित स्थानों को प्रदर्शित किजिए?
उतर :– खेतडी/दिल्ली /नेपाल/भूटान/कोटा बॉध/दामोदर घाटी परियोजना/हीराकुण्ड/भिलाई




प्रश्न 3 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को प्रदर्शित किजिए।?
उतर :– दिल्ली/बाडमेर/भीलवाडा/चम्बल घाटी परियोजना/जामनगर/हजारीबाग/बोकारों/कोल्हापुर/सेलम




प्रश्न 4 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को प्रदर्शित किजिए।?
उतर :– उदयपुर / गाँधी सागर बाँध / खेडा / माही बजाज सागर बाँध / बालाघाट / चन्द्रपुर / रायपुर / राँची / दुर्गापुर आदि




प्रश्न 5 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को प्रदर्शित किजिए।?

उतर :– जैसलमेर / बीसलपुर बाँध / राणाप्रताप
बाँध / कटनी / बिलासपुर / राउरकेला / सिंहभूमि / पलामू / पुणे / रत्नागिरि / विशाखापटनम




प्रश्न 6 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को प्रदर्शित किजिए।?

उतर :— बोकारो / जमशेदपुर / दुर्गापुर / भिलाई / राउरकेला / आसनसोल / बांग्लादेश / भद्रावती




प्रश्न 7 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को प्रदर्शित किजिए।?

उतर :— कांडला पतन / मुंबई पतन / पारादीप पतन / हल्दिया पतन / कोलकाता पतन / मार्मा गोआ पतन / विशाखापटनम पतन / एन्नौर पतन / चैन्नई पतन




# कार्यालयः– संयुक्त निदेशक शिक्षा, चूरू संभाग,चूरू(राजस्थान)

बोर्ड परीक्षा परीणाम उन्नयन कार्यक्रम वर्ष 2019–20
शेखावाटी मिशन 100
माध्यमिक परीक्षा 2020
कक्षा – 10
सामाजिक विज्ञान

अध्याय 14– आर्थिक अवधारणाऍं एवं नियोजन अंक 3 (3)प्रश्नों का प्रकार – अति लघुत्तरात्मक (ज्ञान)

1. राष्ट्रीय आय को परिभाषित कीजिए।
उत्तर – एक निश्चित अवधि में देश के उत्पादन के साधनों से उत्पादित वस्तुओं एंव सेवाओं के अंतिम मूल्य के योग को राष्ट्रीय आय कहते है।
2. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की परिभाषा लिखिए।
उत्तर – एक देश की सीमाओं के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के अंतिम मूल्य के योग को सकल घरेलू उत्पाद कहते है।
3. राष्ट्रीय आय की गणना अर्थव्यवस्था के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है ? अथवा
राष्ट्रीय आय की गणना से होने वाले दो लाभ बताइए।
उत्तर –1. आर्थिक प्रगति का सूचक
2. बजट का आधार , आर्थिक नीति का ज्ञान
- वित्त वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च
- GDP (पुरा नाम) GROSS DOMESTIC PRODUCT
- प्रति व्यक्ति आय ज्ञात करने का $\frac{\text{राष्ट्रीय आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$
4. राष्ट्रीय आय की गणना (भारत में) का कार्य कौन करता है?
उत्तर – केन्द्रिय सांख्यिकी संगठन (CSO) 1955 से (मुख्यालय नई दिल्ली)
5. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना सर्वप्रथम कब व किसने की?
उत्तर –1868ई. मे दादाभाई नैरोजी द्वारा।
6. राष्ट्रीय आय की गणना हेतु राष्ट्रीय आय समिति (NIC) का गठन कब किया गया ?
उत्तर – अगस्त 1949 ई. में पी.सी. महालनोबिस की अध्यक्षता में ।
7. 'प्लांड इॅकोनामी ऑफ इण्डिया' पुस्तक के लेखक का नाम बताइए।

उत्तर – एम. विश्वेश्वरैया।

8. भारत में आर्थिक कल्याण एंव आर्थिक विकास का अधिक उपयुक्त माप किसे माना जाता है?
उत्तर – प्रति व्यक्ति आय

9. अन्तिम उत्पाद (वस्तुएँ व सेवा) क्या है –
उत्तर – निर्माण की प्रक्रिया के अंत में जो वस्तु उपभोक्ता के उपभोग के लिए उपलब्ध होती है।

**अर्थव्यवस्था के क्षेत्र**

10. प्राथमिक क्षेत्र (कृषि एंव सहायक क्षेत्र)से आप क्या समझते है ?
उत्तर –प्राकृतिक संसाधनों का प्रत्यक्ष उपयोग करके उत्पादन किया जाता है।
उदाहरण – कृषि, पशुपालन , शिकार , वन , खनन ,मत्स्यपालन , मधुमक्खी पालन ।

11.द्वितीयक क्षेत्र (औद्योगिक क्षेत्र) से आप क्या समझते है ?
उत्तर– इसमें वस्तुएँ निर्मित की जाती है। वस्तु निर्माण की प्रक्रिया मुख्यत उधोगों में होती है।
उदाहरण – निर्माण , विनिर्माण, विद्युत,जलापूर्ति।

12.तृतीयक क्षेत्र (सेवा क्षेत्र) क्या समझते है ?
उत्तर – इसमें वस्तुओं को निर्माण ना करके सेवाओ का सृजन किया जाता है।
उदाहरण – प्रशासन ,रक्षा, बैकिंग , संचार , परिवहन बीमा , व्यापार , जलपानगृह आदि।

13. मध्यवर्ती वस्तुएँ क्या है?
उत्तर– जो वस्तुएं,अंतिम वस्तओं और सेवाओं के निर्माण में प्रयोग मे लाई जाती है।

14 भारत में प्रतिव्यक्ति आय कम होने का क्या कारण है?
उत्तर– 1.निम्न उत्पादकता 2. अकुशल श्रमिक 3. जनसंख्या की तीव्र वृद्धि।

15. वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय आय में सर्वाधिक योगदान किस क्षेत्र का है ?
उत्तर–तृतीयक क्षेत्र(सेवा क्षेत्र का )

16. वर्तमान मे रोजगार उपलब्ध करवाने की दृष्टि से किस क्षेत्र का योगदान सर्वाधिक है?
उत्तर–प्राथमिक क्षेत्र (कृषि एवं सहायक क्षेत्र)।

**विकास की अवधारणाएं (1) मानव विकास (2) सतत /धारणीय विकास (3) समावेशी विकास।**

17.मानव विकास की अवधारण का प्रतिपादन किसने किया ?
उत्तर– महबूब उल हक द्वारा 1990 में।

18. मानव विकास सूचकांक निर्माण हेतु किन घटको (आयामों ) को शामिल किया जाता है?
उत्तर(1) शिक्षा (2) स्वास्थय (जीवन प्रत्याशा) (3) प्रति व्यक्तिआय (जीवनस्तर)

19. मानव विकास से क्या तात्पर्य है?
उत्तर – मानवीय समुह की स्वास्थय ,शिक्षा व जीवन स्तर सम्बन्धी दशाओं के गुणात्मक परिवर्तन को ।

20. समावेशी विकास को परिभाषित कीजिए।
उत्तर – समाज में रहने वाले सभी लोंगों को बिना भेदभाव के विकास की मुख्य धारा में शामिल करना।

21. सत्त विकास / धारणीय विकास / पोषणीय विकास किसे कहते है?
उत्तर– भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं की अवहेलना न करते हुए वर्तमान पीढ़ियों की आवश्कताओं की पूर्ति हेतु संसाधनों का उपयोग करना ।

22. आर्थिकवृद्धि से तात्पर्य है?
उत्तर– समय के साथ राष्ट्र के वास्तविक उत्पादन या स्तर में वृद्धि होना ।

23. नियोजन से क्या आश्य?
उत्तर– नियोजन संसाधनों का उपयोग करके लक्ष्यों को प्राप्त करनें की तकनीक है।

24. भारत में आर्थिक नियोजन की शुरूआत कब हुई?
उत्तर– 1934 ई में एवं विश्वेश्वरैया द्वारा।

25.स्वतंत्रता पश्चात भारत में आर्थिक नियोजन का कार्य किया ?
उत्तर– योजना आयोग (मार्च 1950)

26. भारत में आर्थिक नियोजन के दो उद्देश्य बताईए।
उत्तर– (1) आर्थिक विकास का लक्ष्य प्राप्त करना ।
(2) गरीबी की समस्या का समाधान करना।

27. योजना आयोग का प्रमुख कार्य बताइए ।
उत्तर– (1) पचंवर्षीय योजनओं का निर्माण।
(2) गरीबी की समस्या का समाधान करना।

28.राष्ट्रीय विकास परिषद (NDC) की स्थापना कब हुई?
उत्तर– अगस्त 1952

29.राष्ट्रीय विकास परिषदका मुख्य कार्य बताइए।
उत्तर– पंचवर्षीय योजनाओं का अनुमोदन।

30. प्रथम पंचवर्षीय योजना की अवधि बताइए।
उत्तर–1 अप्रेल 1951 से 31 मार्च 1956 ई।

शेखावाटी मिशन - 100

31. योजना अवकाश से आप क्या समझते है?

उत्तर– भारत–पाक युद्धवअकाल के कारण तीसरी योजना के पश्चात योजना बनाने की प्रक्रिया में बाधा आने के कारण 1966 से 1969 के बीच तीन वार्षिक योजनाएं बनाई गयी जिसे योजना अवकाश कहते है।

32. अनवरत योजना से क्या समझतें है?

उत्तर–चालू योजना को निश्चित समय अन्तराल के बाद सम्पादित किया जाता है। चालू योजना के लक्ष्यों व समयावधि में परिर्वतन की लोचशीलता रहती है।

33. 12 वीं पंचवर्षीययोजना की अवधि बताइए।

उत्तर– 1अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2017 तक

34. 12 वी पंचवर्षीय योजना का लक्ष्यक्या था?

उत्तर– अधिक तीव्र ,समावशी व धारणीय विकास।

35. नीति आयोग की स्थापना कब हुई?

उत्तर– 1 जनवरी 2015 ई.

36.नीति आयोग के उपाध्यक्ष का नाम बताइए ।

उत्तर– डॉ.राजीव कुमार।

37. भारत सरकार का 'थिंक टैंक' किसे कहते हैं ?

उत्तर–नीति आयोग।

38.नीति आयोग की स्थापना के मूल में दो केन्द्र कौनसे है?

उत्तर– 1. टीम इण्डिया हब 2. ज्ञान व नवचार हब।

39. टीम इण्डिया हब का क्या कार्य है?

उत्तर– नीति निर्माण में राज्यसरकारों को केन्द्र सरकार के साथ शामिल करना।

कार्यालयः– संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा,चुरूभाग,चुरू(राजस्थान)

अध्याय 15–भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताएं एव नवीन प्रवृतियों अंक 4(1)प्रश्न का प्रकार लधुत्तरात्मक II (अवबोध)

40.भारतीय अर्थव्यवस्था की कृषि पर अत्यधिक निर्भरता को समझाइए।

उत्तर– 1. भारत एक कृषि प्रधान देश हैं क्योंकि अधिकांश जनसंख्या कृषि व उससे सम्बन्धित कार्यो से जुड़ी हुई है।

2. अर्थव्यवस्था के विकास के कारण उद्योग व सेवा क्षेत्र पर निर्भरता बढ़ी है। परन्तु कृषि क्षेत्र में निर्भरता में कमी की गति धीमी रही है।

3. आज भी रोजगार के लिए लगभग 49% जनसंख्या कृषि पर निर्भर है।

4. कृषि क्षेत्र से गैर कृषि क्षेत्र की और श्रम का पलायन तो हुआ है, लेकिन वह बहुत धीमा रहा है।

41. 1990 के दशक में आर्थिक सुधार अपनाये जाने के क्या कारण थे? विस्तृत विवेचना कीजिए।

उत्तरः– (1) 1950–1990 के दौरान अर्थव्यवस्था के संचालन हेतु अनेक नियम बनाए गए जिस कारण विकास की प्रक्रिया अवरूद्व हो गयी थी

(2) भारत सरकार को विदेशी मुद्रा उधार लेनी पड़ रही थी जो वित्तिय कर्ज को बढ़ावा दे रही थी इससे बचने हेतु आर्थिक सुधार आवश्यक थे।

(3) भारतीय अर्थव्यवस्था बढ़ते व्यापार घाटे का शिकार थी, इससे निपटने हेतु आर्थिक सुधार जरूरी थे।

(4) उत्पादन में धीमी वृद्वि,अत्यधिक सार्वजनिक व्यय तथा अन्य कारणो ने महॅगाई की समस्या उत्पन्न कर दी थी।

42. उदारीकरण से आप क्या समझते है? इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में क्या परिवर्तन हुआ?

उत्तरः– उदारीकरण– व्यापार के अवरोधो व प्रतिबंधो को समाप्त कर व्यापारिक नियमो व कानूनों के सरलीकरण की प्रक्रिया उदारीकरण कहलाता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था पर उदारीकरण का प्रभाव–

(1) भारतीय अर्थ समाजवादी मिश्रित अर्थव्यवस्था से पूंजीवादी मिश्रित अर्थ में परिवर्तित हो गई।

(2) इससे व्यापार में सरकारी हस्तक्षेप में कमी आयी।

(3) भारतीय अर्थ मुक्त बाजार अर्थ की और अग्रसर हुई।

43. वैश्वीकरण क्या है?

उत्तरः– विभिन्न देशों का पुंजी,श्रम,व्यापार तथा तकनीक के आदान–प्रदान के लिए एकीकरण।

44. वैश्वीकरण के तीन लाभ बताइए।

उत्तरः– (1) देशो के बीच सेवा, तकनीक में निवेश

(2) सूचना व संचार के तकनीक को तीव्र गति प्रदान की है।



शेखावाटी मिशन - 100

(3) इससे उत्पादन लागत गिरी है, व उत्पादो की गुणवता में सुधार आया है।

**45. स्वदेशी की अवधारणा वैश्वीकरण के दौर में किन कारणों से प्रासंगिक बन गई है? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तरः— वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने समूचे विश्व को एक विस्तृत बाजार बना दिया है। इस वैश्विक बाजार के बीच स्वदेशी की अवधारणा का उदय राष्ट्रप्रेम की भावना का प्रतीक है।

यह स्वयं के देश की कम्पनियों द्वारा निर्मित वस्तुओं के प्रयोग व विदेशी कम्पनियों द्वारा निर्मित वस्तुओं के त्याग पर बल देता है।

**स्वदेशी की अवधारणा उत्पन्न होने के कारणः—**

(1) स्वदेशी की भावना राष्ट्र को एकजुट करने का कार्य करती है।
(2) इसके कारण धरेलु उधोग — धंधों को सम्बल मिलता है।
(3) स्वदेशी की अवधारणा आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा देती है।
(4) ''  '''  ''' से स्थानीय लोंगों को रोजगार मिलता है।

**46. कौशल विकास से आप क्या समझते है इसका महत्व बताईए । अथवा कौशल विकास पर टिप्पणी लिखिए।**

उत्तरः— कौशल विकास — किसी कार्य को अधिक अच्छे तरीके से सम्पन्न करने की योग्यता और क्षमता को कौशल विकास कहते है।

**कौशल विकास का महत्वः—**

1.यह एक एसी प्रक्रिया है जो श्रम को शिक्षा स्वास्थय और प्रशिक्षण के द्वारा योग्यता व कुशलता से जोड़ती है।
2. इससे मानव संसाधन को मानव पूँजी में बदला जाता है।
3. इससे श्रम की उत्पादकता में वृद्धि होती है।
4. इससे व्यक्ति की योग्यता एवं जीवन की गुणवता बढ़ती है।

**47. बहुराष्ट्रीय कम्पनी किसे कहते है? इनका महत्व कीजिए।**

उत्तरः— वह कम्पनी जो एक से अधिक देशों में उत्पादन पर नियंत्रण तथा स्वामित्व रखती है। बहंराष्ट्रीय कम्पनी कहलाती है।

**महत्वः—**

1. वर्तमान में विभिन्न देशों के बीच सेवाओं में निवेश व तकनीक का आदान प्रदान
2. सूचना व संचार तकनीक के विकास मे वैश्वीकरण को तीव्र गति प्रदान की है।
3. इसने विभिन्न देशों के बीच सेवाओं के उत्पादन के प्रसाद मे मुख्य भूमिका निभाई है।

**48. विश्व व्यापार संगठन के विभिन्न देशों के बीच व्यापार को किस प्रकार सुगम बनाया है?**

उत्तरः— विश्व व्यापार संगठन की स्थानपना 1 जनवरी 1995 मे की गई ।जिसका मुख्यालय 'जिनेवा' मे है।

**विभिन्न देशों के मध्य व्यापार को सुगम बनाने मे योगदान—**

1. यंह राष्ट्रों के मध्य व्यापार के नियमों का निर्धारण तथा नियमन का कार्य करता है।
2. यह बहुपक्षीय व्यापार समझौतों को लागू करने व उनके नियंत्रण का कार्य करता है।
3. यह अपने सदस्य राष्ट्रों को व्यापार समझौतो या विचार —विमर्श के लिए उपयुक्त मंच उपलब्ध करता है।
4. विभिन्न राष्ट्रों के मध्य व्यापार सम्बन्धी विवादों का निपटारा करता है।

**49. भूगतान संतुलन और व्यापार संतुलन में क्या अंतर है? समझाइए।**

| भूगतान संतुलन | व्यापार संतुलन |
|---|---|
| यह व्यापार संतुलन की अपेक्षा अधिक विस्तृत है।<br>इसमे दृश्य व अदृश्य दोनों ही प्रकार की मंदो को शामिल किया जाता है।<br>इसमे विदेशी विनिमय की सम्पूर्ण मांग व पुर्ति का व सम्पूर्ण भूगतान स्थिति का विशलेषण किया जाता है।<br>दोहरा लेखा प्रणाली के कारण भुगतान संतुलन का खाता सदैव संतुलित रहता है। | यह सीमित तथा कम व्यापक क्षेत्र है।<br>इसमे केवल अदृश्य मदें शामिल अर्थात वस्तु व्यापार मान्य,मानव सेवा नही<br>यह भुगतान स्थिति का आर्थिक विश्लेषण करता है।<br>यह विपरीत या अनुकूल रह सकता है। |

अध्याय 16 भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतिया  अंक 3 (3)   प्रश्न का प्रकार अतिलघुत्तरात्मक (ज्ञान)

51. भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष कौन — कौनसी चुनौतिया है ?

उत्तरः— 1. मुद्रास्फीति (महगांई) 2. गरीबी 3. बेरोजगारी

52. मुद्रास्फीति को गणना हेतु कौनसे सूचकांक काम में लिए जाता हैं।

उत्तरः— थोकमूल्य सूचकांक  व उपभोक्ता मूल्य सूचंकांक।

53. मुद्रास्फीति से आप क्या समझते है।

उत्तरः–वस्तुओं की कीमत में वृद्वि होना व मुद्रा स्वयं की कीमत कम होना मुद्रास्फीति कहलाता है।

**54. मुद्रास्फीति के लिए उत्तरदायी दो कारण बताइए।**

उत्तर 1. मुद्रा की पुर्ति में तीव्र वृद्वि 2. सार्वजनिक व्यय का उच्च स्तर

**55. मुद्रास्फीति से होने वाली दो हांनिया बताइए**

उत्तर 1. मुद्रा के मूल्य में कमी 2.इससे निश्चित वेतन प्राप्त करने वाले वर्ग को हनि

**56. मुद्रास्फीति नियंत्रण हेतु कौनसे उपाय अपनाए जाते है ?**

उत्तर . 1.मौद्रिक उपाय 2. राजकोषिय उपाय।

**57. मुद्रास्फीति नियंत्रण हेतु मौद्रिक उपाय कौन करता है?**

उत्तरः–RBI भारतीय रिजर्व बैंक

**58. मुद्रास्फीति नियंत्रण के लिए दो मोद्रिक उपाय कौन करता है?**

उत्तर. 1. मुद्रा की मात्रा कम करना 2. ब्याज दरों में बदलाव ।

**59. मुद्रास्फीति नियंत्रण हेतु राजकोषीय उपाय कौन करता है।**

उत्तर – सरकार द्वारा।

**60. राजकोषीय उपाय से आप क्या समझते है।**

उत्तर. सरकार द्वारा मुद्रास्फीति के नियत्रंण हेतु जो प्रयास किए जातें है, उन्हें राजकोषीय उपाय कहते है।

**61.मुद्रा के मूल्य से क्या तात्पर्य है?**

उत्तर. मूद्रा के मूल्य का तात्पर्य मुद्रा की क्रय शक्ति से है।

**62.लागत प्रेरित मुद्रास्फीति किसे कहते है?**

उत्तर. लागतों में वृद्धि के कारण समग्र पूर्ति में गिरावट से जो मुद्रास्फीति बढ़ती है उसे लागत प्रेरित मुद्रास्फीति कहतें है।

**63.गरीबों से क्या आश्य है?**

उत्तर. ऐसी स्थिति जिससे व्यक्ति जीवन निर्वाह की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति नही कर पाता है।

**64. भारत में गरीबी का निर्धारण किस आधार पर किया जाता है?**
उत्तरः– (1) प्रति व्यक्ति आय (2) कैलोरी उपयोग(3) कैलोरी उपयोग व्यय के आधार पर

**65. कैलोरी उपभोग के आधार पर शहरी व ग्रामीण गरीबी का माप क्या है?**
उत्तरः– (1) ग्रामीण क्षेत्र में 2400 कैलोरी/व्यक्ति प्रतिदिन।
(2) शहरी क्षेत्र में 2100 कैलोरी/व्यक्ति प्रतिदिन।

**66. सापेक्ष गरीबी से क्या तात्पर्य है?**
उत्तरः– समाज के विभिन्न वर्गो के बीच आय या धन उपयोग के वितरण में असमानता का माप सापेक्ष गरीबी कहलाता है।

**67. सापेक्ष गरीबी का विचार किस प्रकार के देशो के लिए उपयोगी है?**
उत्तरः– विकसित राष्ट्रों के लिए।

**68. निरपेक्ष गरीबी से क्या तात्पर्य है?**
उत्तरः– ऐसी स्थिति जिसमें व्यक्ति अपनी न्यूनतम आवश्कताओ की पुर्ति भी नही कर पाता है। यह अविकसित राष्ट्रों में अधिक पायी जाती है।

शेखावाटी मिशन – 100

69. सुरेश तेदुलकर के आधार पर भारत में कितने % लोग गरीब है?
उत्तरः– 21.92 % लोग।
70. भारत में विश्वसनीय समंको (गरीबी के आंकड़े) के संकलन का कार्य कौन करता है?
उत्तरः– NSSO.
71. NSSO का पुरा नाम लिखिए।
उत्तरः–National Sample Sarvey Organisation राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन।
72. समान रिकांल अवधि से आप क्या समझते है?
उत्तरः– इसमे 30 दिन की अवधि के उपभोग व व्यय के आंकड़े एकत्रित किए जाते है।
73. मिश्रित रिकांल अवधि से आप क्या समझते है
उत्तरः– इसमे खाद्यान्न वस्तुओं पर उपभोग व्यय के आंकडे एकत्रित करने लिए दो अलग–अलग अवधियां (30दिन व 365 दिन) का संयुक्त रूप से प्रयोग किया जाता है।
74. गरीबी के दुष्चक्र का सिद्वान्त किसने दिया?
उत्तरः– रेग्नार नर्क्से ने।
75. भारत में गरीबी के कारण बताइए ।
उत्तरः– 1. सामाजिक कारण – जन्म , मृत्यु, विवाह
2. आर्थिक कारण –कृषि पर अत्यधिक निर्भरता कम आय
3. अन्य कारण – 1.शिक्षा का रोजगारपरक न होना 2. पूजी निर्माण का अभाव 3. कमजोर आधारभूत संरचना
76. भारत में गरीबी निवारण के दो उपाय बताइए।
उत्तरः–1. श्रोजगार के अवसरों में वृद्वि 2. जनसंख्या पर नियंत्रण
77. बेरोजगारी के कारण बताइए
उत्तरः– 1. रोजगारपरक शिक्षा का अभाव 2 कृषि का पिछड़ापन
78. बेरोजगारी निवारण के दो उपाय बताइए।
उत्तरः– 1कौशल विकास 2. शिक्षा को रोजगार परक बनाकर
79. प्रच्छन्न छिपी /बेरोजगारी किसे कहते है?
उत्तरः– ठसमें व्यक्ति काम में लगा हुआ प्रतीत होतो है। परन्तु उत्पादन में उसका योगदान नहीं होता हें। यह कृषि क्षेत्र में अधिक पायी जाती है।
80. संरचनात्मक बेरोजगारी से क्या आशय है ?
उत्तरः– विकास के साथ साथ अर्थव्यवस्था के एक क्षेत्र में मांग कम होती है तथा दुसरे क्षेत्र मांग बढ़ती है इस परिवर्तन से मांग का स्वरूप भी बदलता है इन संरचनात्मक परिवर्तनों से बरोजगारी उत्पन्न होती है उसे संरचनात्मक बेरोजगारी कहते है ।
81 तकनीकी बेरोजगारी से क्या तात्पर्य है?
उत्तरः– उत्पादन की तकनीक से सुधार व नवीन मशीनों के उपयोग से जो बेरोजगारी होती है।
82. घर्षणात्मक बेरोजगारी किसे कहते है?
उत्तरः–दो रोजगार अवधियों के मध्य उत्पन्न बेरोजगारी को घर्षणात्मक बेरोजगारी कहते है यह कार्य बदलने हड़ताल ताला बंदी आदि के कारण उत्पन्न होती हैं।
83.चक्रीय बेरोजगारी किसे कहते है ?
उत्तरः– जब व्यापार चक्रो में मंदी की स्थिति होती है तो इससे उत्पादन व रोजगार में गिरावट होती है और इससे चक्रीय बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होती है।

अध्याय 17 मुद्रा और वित्तिय संस्थाए अंक 4(1)प्रश्न का प्रकार – लघुत्तरात्मक II (अवबोध)

84. मुद्रा किसे कहते हैं ?
उत्तरः– अर्थव्यवस्था में ऐसी कोई भी वस्तु जो विनियम के माध्यम , मूल्य के मापन और मूल्य के भण्डार का कार्य करती है। मुद्रा कहलाती है जैसे भारतीय रुपया ।
85. मुद्रा विकास के विभिन्न चरणों को समझाइए ?
उत्तरः– 1. वस्तु विनियम प्रणाली – इस प्रणाली में वस्तुओं और सेवाओं का लेनदेन प्रत्यक्ष रू्प से वस्तुओं और सेवाओं के बदले में किया जाता है। वस्तु विनियम में आवश्यकताओं के दोहरे संयोग की कठिनाईया पायी जाती थी । वस्तुओ के मूल्य मापन को समस्या का सामना भी करना पड़ता है।

2. धातु मुद्रा – वस्तु मुद्रा का स्थान धातु मुद्रा ने ले लिया । प्रारम्भ में धातु से बनी वस्तुओं तथा धातुओं के टूकड़ों ने मुद्रा का कार्य किया इसके पश्चात् इनमें मोहर लगायी गई व मूल्य लिखा जाने लगा । पर धातु मुद्रा का हस्तानान्तरण सुविधा जनक नहीं था ।

3. पत्र मुद्रा – धातु मुद्रा की सीमाओं के कारण पत्र मुद्रा का विकास हुआ । पत्र मुद्रा के उत्पादन में बहुत कम खर्चा आता है। इसका हस्तानान्तण भी बहुत सुविधाजनक है। बढ़ती मुद्रा मांग को पूरा करने के लिए मुद्रा की मुद्रा की पुर्ति आसानी से बढ़ाई जा सकती है।

**86. अर्थव्यवस्था में मुद्रा की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।**

उत्तरः– 1. मुद्रा पूंजी को गतिशील बनाने में महत्त्पूर्ण भूमिका निभाती है।

2. मुद्रा द्वारा सहायता से एक उपभोक्ता अधिकतम संतुष्टि प्राप्त करता है । वह मुद्रा को विभिन्न वस्तुओ पर इस प्रकार व्यय करता है ताकि उसे अधिकतम संतुष्टि प्राप्त हो सके ।

3. मुद्रा द्वारा बचतों को निवेश में परिवर्तित करने में मदद मिलती है।

4. इससे उत्पादकता में वृद्वि सम्भव हुई है–

**87. वित्तय समावेशन से आप क्या समझते है ?**

उत्तरः– समाज के गरीब, कमजोर, पिछड़े तथा निम्न आय वर्ग को वहन करने योग्य लागत पर वित्तिय सेवाए प्रदान करके उन्हे वित्तिय सेवाओं से जोड़ना।

**88. वाणिज्यिक बैंको के कार्यो का उल्लेख कीजिए ।**

उत्तरः– 1. जमाएँ स्वीकार करना – बैक व्यक्तियों,फर्मों, व सस्थाओं से जमा प्राप्त करते हैं। इसके लिए बैंक सामान्यत चार प्रकार के खाते खोलते है। 1. बचत खाता 2. चालू खाता 3. स्थायी जमा खाता 4. आवर्ती जमा खाता

2. ऋण प्रदान – बैंक अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों जैसे कृषि, उधोग, व्यापार आदि को ऋण प्रदान करते है इन ऋणों पर बैक ब्याज दर भी लेते है।

3. अन्य कार्य 1. बिलों व चेकों का संग्रहण 2. बीमा की किश्त आदि का नियमित भूगतान

3. आर्थिक सुचनाए विभिन्न एंजेसिया को उपलब्ध करवाते हे।4. अधिविकर्ष की सुविधा प्रदान करते है 5. लॉकर सुविधा

**89. वस्तुविनियम प्रणाली से आप क्या समझते है।**

उत्तरः–वस्तु के बदले वस्तु देकर अपनी आवश्कताओं की पुर्ति करना वस्तु विनिमय कहलाता है।

**90. वस्तुविनियम प्रणाली में क्या कठिनाईया थी ?**

उत्तरः– 1. इसमे आवश्कताओं के दोहरे संयोग की जरूरत होती है जो एक कठिन स्थिति थी।
2. इसमें मूल्य के एक मानक मापक का अभाव था।
3. इसमें मूल्य का संचय व हस्तानांतरण में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था।
4. वस्तुओं के रूप में धन या मूल्य का हस्तानान्तरण बहुत जोखिम भरा होता है।
5. वस्तुओं का अविभाज्य स्वरूप एक महत्त्वपूर्ण समस्या थी।

**91. देशी बैकर किसे कहते है ? इसको तीन प्रमुख विशेषताए।**

उत्तरः– देशी बैंकर निजी व्यक्ति अथवा फर्म होते है जो बैंक की तरह कार्य करते है। भारत में आधुनिक बैंको के विकास से पूर्व यही बैकिंग कार्य करते थे।

विशेषताए– 1. बैकिग कार्य के साथ साथ अपना व्यवसाय भी चलाना।
2. छोटे व्यापारियों व उद्यमियों के साथ लेन देन करना।
3. व्यवसाय व अन्य कार्यो के लिए निजी जानकारी के आधार पर ऋण प्रदान करना।
4. बैकिंग कार्य के साथ साथ अपना व्यवसाय भी चलान।

**92. स्वंय सहायता समूह से आप क्या समझते है ?**

उत्तरः– स्वयं सहायता समूह 15–20 सदस्यों का एक समूह होता है जो नियमित रूप से मिलकर बचत करता है और समूह के सदस्यों को ऋण प्रदान करता है।

**93. स्वंय सहायता समूह ऋण प्रदान करने के परम्परागत तरीको से किस प्रकार भिन्न है।**

उत्तरः–यह ग्रामीण क्षेत्रों की महिला के द्वारा छोटे–छोटे स्वयं सहायता समूह बनाकर बचत पूंजी को इकट्ठा करने पर आधिरत प्रक्रिया है इसमें धन राशि समूह के सदस्यो की बचतों से ही एकत्र. होती है

ऋण प्रदान करने का तरीका 1. इसमें ऋण एकत्र राशि में से ही सदस्य को दिया जाता है।
2.ऋण पर उचित ब्याज दर ली जाती है।
3.ऋण पर ब्याज दर साहुकारों द्वारा ली गई ब्याज दर से बहुत कम

**94. चैक क्या है? चैक के प्रकारों को समझाइए।**

उत्तरः— चैक एक ऐसा कागज है जिसके द्वारा एक खाताधारक अपने बैंक को उसके खाते से चैक पर लिखे नाम के किसी दुसरे को एक खास रकम का भुगतान करने का आदेश देता है।

चैक के प्रकारः— (1) रेखांकित चैक— इसमें दो समानान्तर तिरछी रेखाएं अंकित की जाती है। यह रेखांकित चैक इस बात का सूचक है किवह प्राप्तकर्त्ता के खाते में ही जमा होगा।

इसमें निम्न पुर्तियां करनी होती है—

(1) दो समानान्तर रेखाएं (2) जारी करने का दिनांक (3) भुगतान प्राप्त कर्त्ता का नाम

(4) भुगतान की राशि अंको व शब्दो में (5) चैक जारी करने वाले की खाते की संख्या

(6) चैक जारी करने वाले के हस्ताक्षर

(2) गैर रेखांकित चैक— इनसे भुगतान प्राप्तकर्त्ता का कोई भी प्रतिनिधि बैंक में जाकर भुगतान प्राप्त कर सकता है। इसमें अन्य आपुर्तियां रेखांकित चैक के समान ही होती है। इसमें चैक पर दो समानान्तर तिरछी रेखांए नही डाली जाती हें।

**अध्याय 18 उपभोक्ता एवं विधिक जागरूकता तथा सूचना का अधिकार अंक 4(1) प्रश्न का प्रकार —लघुत्तरात्मक II (ज्ञानोपयोग)**

**95. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम क्या है ?**

उत्तरः— उपभोक्ता के अधिकारों की रक्षा करने के लिए 24 दिसम्बर 1986 को भारतीस संसद ने एक अधिनियम पारित किया जिसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कहते है।

**96. उपभोक्ता को दिए गए चार अधिकारों का उल्लेख कीजिए ।**

उत्तरः— 1. सुरक्षा का अधिकार— उपभोक्ताओं को उस माल के विक्रय संरक्षण दिए जाने का अधिकार है जो माल व सेवा उनके जीवन व सम्पति के लिए संकट पैदा करते है।

2. सुचना अधिकार — उपभोक्ता जों माल या वस्तु खरीदता है उसके गुण मात्रा शुद्वता व मूल्य के बारे में सूचना प्राप्त करने का अधिकार है

3. चयन का अधिकार — बाजार में उपलब्ध वस्तुओं मे सें अपने पंसद के आधार पर चयन करने का अधिकार है।

4. क्षतिपूर्ति का अधिकार — अगर उपभोक्ता को किसी वस्तु या सेवा से कोई क्षति या नुकसान हो जाता है तो उपभोक्ता को क्षतिपुर्ति का अधिकार है।

**97. उपभोक्ता शोषण से बचने के लिए आपके अनुसार क्या सांवधानियां रखनी चाहिए।**

उत्तरः— (1) वस्तु से सम्बधित लिखित व अलिखित पुर्ण जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

(2) क्रय की गई वस्तु/ सेवा के मूल्यों की भुगतान की रशीद/ बिल अवश्य प्राप्त करना चाहिए।

(3) वस्तुओ से श्रेणीकरण तथा गुणवता के चिन्हों जैसे ISI/ AG/ ISO/ ECO आदि का पुरा ध्यान दें।

(4) वस्तु व सेवा मे कमी। दोष पाए जाने पर विक्रेता को तुरन्त सुचित कर हानि की क्षतिपुर्ति की मांग करें।

**98. ' सूचना के अधिकार ' के अनुसार सुचना प्राप्त करने का तरीका क्या है?**

उत्तरः— इस अधिकार के अनुसार सूचना लेने के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करना होगा तथा आवेदन पत्र के साथ 10 रूपये नगद या पोस्टल ऑर्डर के रूप में जमा कराना होगा।

इसके अलावा सूचना प्राप्त करने का निम्न तरीका होगा।

(1) अगर सूचना बड़े आकार के कागज की नकल की हो तो अलग राशि देनी पड़ेगी।

(2) सी.डी. या फ्लॉपी के लिए 50 रू. जमा कराने होगें।

(3) फॉटो कॉफी प्रति पृष्ठ 2 रू. की दर से देने होंगें।

(4) आवेदन के 30 दिन के भीतर सूचना प्राप्त कर सकेंगे।

(5) व्यक्ति के जीवन या स्वतंत्रता के बारे में 48 घण्टे में सूचना प्राप्त कर संकेगे।

**99. विधिक जागरूकता सुनिश्चित करने हेतु चार उपाय सुझाइए।**

उत्तरः— (1) साक्षरता शिविरों का आयोजन करना।

(2) कानून सम्बन्धी कार्यक्रमों का प्रसारण करना।

(3) पम्पलेट एव लघु पुस्तिकाएं छपवाना।

(4) सचल लोक अदालत एवं विधिक जागरूकता अभियान चलाना।

**100. उपभोक्ता शिक्षा में कौन— कौनसी जानकारीयां उपभोक्ता को होनी चाहिए।**

उत्तर :— (1) बाजार में कौन—कौनसी वस्तुएं उपलब्ध है।? उनका ब्राण्ड, ट्रेडमार्क व मूल्य क्या है।

(2) वस्तुएँ कब खरीदी जानी चाहिए ताकि अधिकतम बचत हो।

(3) किस बाजार में कौनसी दुकान पर उचित मूल्य में उत्तम किस्म की सामग्री मिलेगी।

(4) व्यक्ति स्वयं के ज्ञान, वुद्दि, विवके का इस्तेमाल करके उत्तम वस्तुओं का क्रय कर सकता है।

(5) पत्र— पत्रिकाएँ दुसरे व्यक्तियों का अनुभव, अन्य प्रचार माध्यम उपभोक्ता को शिक्षित करने में

सहायता कर सकते है।

इकाई का नाम सड़क सुरक्षा : अंक 2 (1) प्रश्न का प्रकार :– लघुत्तरात्मक I(ज्ञानोपयोग)

**101. BRTC का पुरा नाम बताते हुए इसका प्रमुख उद्देश्य बताइए।**

उत्तरः– बस रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर

उद्देश्य– सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का प्रयोग करने वाले के यात्रा समय में कमी लाना।

**102. सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दीजिए।**

उत्तर :–(1) विभिन्न प्रेरक योजनाएं लागू करना

(2) दोपहिया व तिपहिया वाहनों के लिए दोपहिया लेन को अनिवार्य बनाना।

(3) पदयात्रियों हेतु अधिक ओवर ब्रिजों का निर्माण करके।

**103. सार्वजनिक परिवहन के महत्व से आप क्या समझते है?**

उत्तरः– (1) इससे सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलता है।

(2) इससे सड़क पर भीड़ कम होती है।

(3) सड़क दुर्घटनाओं में कमी होती है।

(4) सड़क पर निजी वाहनों की कमी से वायु प्रदुषण भी कम होता है।

**104. जेब्रा क्रासिगं से कया तात्पर्य है?**

उत्तरः– यह सड़क का वह भाग है जिसे पैदल चलने वालों की सुविधा व सुरक्षा के लिए बनाया जाता है। यह अधिकाश्त काली व सफेद पटिटयों से बनाया जाता है। इस स्थान पर पैदल चलने वालो को प्राथमिकता रहती है।

**105. आपके अनुसार सड़क पर दुर्घटना के प्रमुख कारण क्या है ? कोई चार लिखिए।**

उत्तरः– 1. सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन न करना ।

2. वाहन को निर्धारित गति सीमा से तेज चलाना।

3. नशा करके वाहन चलाना।

4.कार चलाते समय सीट बेल्ट व दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेंट का उपयोग न करनां

उत्तः– (1) हमें यातायात के नियमों व कानूनो का पालन करना चाहिए।

(2) सड़क पर दुर्घटना होने पर घायलों की सहायता करकी चाहिए।

(3) हमें सड़क सुरक्षा सम्बन्धी सभी प्रतीक चिन्हो का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।

(4) नशा करके वाहन नही चलाना चाहिए।

**ईकाइ 20 :– स्वच्छता एंव ठोस कचरा प्रबन्धन** अंकभार – 2

प्रश्न का प्रकार :– लघुतरात्मक प्रश्न (1)

1. दुषित जल व कचरा पर्यावरण में मानव स्वास्थ्य को कैसे दुष्प्रभावित करता है ?

(1) इससे पीने का पानी दूषित होता है।

(2) इससे खाद्य श्रृखला दूषित होती है, जैसे – फल, सब्जी।

(3) नहाने एंव मनोरंजन से जल दूषित होता है।

(4) इससे मक्खियॉ एंव कीट बढ़ते हैं, जो बीमारियॉ फैलाते हैं।

2. ठोस कचरा प्रबन्धन के कोई चार लाभ बताइए।

(1) ठोस कचरा प्रबन्धन से रोग नियन्त्रित होंगे, जन स्वास्थ्य में सुधार होगा व श्रम करने की क्षमता बढ़ेगी।

(2) जहरीले पदार्थो की कम निकासी से जल प्रदूषण नहीं होगा।

(3) इससे बिजली उत्पादन के लिए सस्ती ऊर्जा प्राप्त होगी।

(4) रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

शेखावाटी मिशन - 100

3. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के बारे में आप क्या जानते हैं ?

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2 अक्टूबर, 2014 को प्रारम्भ किया गया। इसका लक्ष्य सभी ग्रामीण परिवारों को शौचालय की सुविधा प्रदान करके और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में ठोस और द्रवित अपशिष्ट प्रबन्ध क्रियाकलापों के माध्यम से 2 अक्टूबर, 2019 तक खुले में शौच मुक्त भारत हासिल करना है।

4. ठोस कचरा प्रबन्धन कार्यक्रम के कोई दो उद्देश्य बताइये।

(1) वर्तमान में शहरीकरण से शहरों में कचरे एंव गन्दगी की प्रमुख समस्या है। इसका मुख्य उद्देश्य गन्दगी का निस्तारण करना है।

(2) इसका उद्देश्य घरों, कारखानों, उद्योगों, अस्पतालों से निकलने वाले सूखे एंव गीले अनपयोगी सामान का निस्तारण करना है।

5. पाइरोलिसिस क्या है ?

पाइरोलिसिस एक थर्मल प्रक्रिया है जिसमें कचरे का दहन ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में किया जाता है। ये तकनिक कम ऑक्सीजन या बिना ऑक्सीजन वाले क्षेत्रों में प्रयोग की जाती है। इसकी विशेषता है कि वायु प्रदुषण किए बिना दहनीय गैसों के मिश्रण से पाइरोलिसिस द्रव्य पैदा किया जाता है।

6. ठोस कचरा प्रबन्धन की प्रक्रिया के प्रमुख बिन्दुओं का वर्णन कीजिए।

(1) कचरे को कूड़ा संग्रह केन्द्र पर एकत्रित करना।

(2) कूड़ा संग्रहण केन्द्रो से कचरे को ठोस निस्तारण केन्द्रों तक पहुँचाना।

(3) कचरे को श्रेणियों में विभाजित करना।

(4) कचरे को अवयवों के अनुसार अलग–अलग करना तथा कचरे का निस्तारण करना।

7. कचरें के पुनः चक्रण को समझाइये।

कचरें को उपयोगी कच्चे माल के रूप में उपयोग करना तथा कचरें की मात्रा कम करना कचरें का पुनः चक्रण कहलाता है। इसके तीन स्तर होते हैं :–

(1) संग्रहीत कचरें में से पुनः चक्रणीय पदार्थो एंव धातुओं को अलग करना।

(2) इन पदार्थों एंव धातुओं से कच्चा माल तैयार करना।

(3) कच्चे माल से नये उत्पाद बनाना।

8. भस्मीकरण (Incineration) क्या है ? बताइये।

भस्मीकरण कचरा निस्तारण की मुख्य सामान्य थर्मल प्रक्रिया है। इसमें कचरें का दहन ऑक्सीजन की उपस्थिति में किया जाता है। भस्मीकरण के बाद कचरा

कार्बन–डाइऑक्साइड वाष्प तथा राख में बदल जाता हैं। इसका उपयोग बिजली बनाने हेतु ऊष्मा देने के लिए किया जाता है।

9. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने स्वच्छता की क्या परिभाषा दी ?

(1) लोगों को स्वच्छता के लिए शौचालयों व दूषित पानी को स्वंय स्वच्छ रखने के साधनों व उपायों को करने की आवश्यकता है।



शेखावाटी मिशन – 100

(2) स्वच्छता का सामान्य आशय उन प्रावधानों, सुविधाओं और सेवाओं से है जो

मानव से मत्र – मूत्र और कचरें आदि का सुरक्षित निस्तारण करते है।

10. खतरनाक कचरा कौन – कौन से होते है ?

रासायनिक कचरा, रेडियोएक्टिव कचरा और अस्पतालों का कचरा आदि का संग्रहण व निस्तारण प्रबन्धन।

11. ठोस कचरा प्रबन्धन किसे कहते है ?

जन स्वास्थ्य तथा पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कूड़े का निस्तारण ठोस कचरा प्रबन्धन कहा जाता है।

12. स्वच्छता में सम्मिलित कोई दो प्रमुख बातें लिखिए।

(1) स्वच्छता में मानव के मल – मूत्र, कचरे आदि का सुरक्षित संग्रहण, भण्डारण, उपचार, निस्तारण तथा पुनः प्रयोग शामिल है।

(2) इसमें पारिवारिक दूषित जल की निकासी और निस्तारण और पुनः चक्रण के उपाय शामिल है।

शेखावाटी मिशन – 100

मॉडल पेपर – 01
माध्यमिक परीक्षा – 2020
सामाजिक विज्ञान
समय $3\frac{1}{4}$ घण्टे
पूर्णांक **80**

01 'इलाहाबाद प्रशस्ति' का लेखक कौन था? तथा वह किस शासक का दरबारी कवि था? 1
02 'दीवान–ए–विजारत' क्या था? 1
03 'दी पॉलिटिकल पार्टीज' पुस्तक के लेखक का नाम बताइए? 1
04 'स्वर्णिम चतुर्भुज महाराज मार्ग' योजना किन महानगरों को जोड़ती है? 1
05 'सकल घरेलू उत्पाद से क्या आशय है? 1
06 मानव विकास सूचकांक में शामिल आयामों (घटकों) का नाम बताइए? 1
07 भारत सरकार का 'थिंक टैंक' किसे कहते है? 1
08 लागत प्रेरित मुद्रा स्फीति किसे कहते है? 1
09 मुद्रा के मूल्य से क्या तात्पर्य है? 1
10 भारत में गरीबी निवारण के दो उपाय बताइए? 1
11 किसी राज्य में राज्यपाल की नियुक्ति के समय आपके अनुसार किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? कोई दो लिखिए। 1 + 1 = 2
12 इन्दिरा गांधी नहर किस बाँध से निकाली गई है? 'इसमें पश्चिमी राजस्थान की कायापलट कर दी है।' इस कथन के पक्ष में दो तर्क लिखिए। 1 + 1 = 2
13 भारत में कृषि फसलों को ऋतुओं के आधार पर वगीकृत कीजिए? 1 + 1 = 2
14 कार्बन की मात्रा के आधार पर कोयला कितने प्रकारों में विभाजित किया जाता है? नाम लिखिए। 1 + 1 = 2
15 'लौह–इस्पात उद्योग को औद्योगिक विकास का आधार स्तम्भ कहा जाता है।' इसके दो कारण बताइए। 2
16 भारत में जनसंख्या वृद्धि के कोई चार कारण लिखिए। 2
17 भारत के संदर्भ में रेल परिवहन के महत्त्व पर चार बिन्दु लिखिए। 2
18 सड़क सुरक्षा हेतु 'सार्वजनिक परिवहन' का महत्त्व समझाइए। 2
19 ठोस कचरा प्रबन्धन के किन्हीं दो उपायों का उल्लेख कीजिए। 2
20 समुद्रगुप्त के साँस्कृतिक योगदान को स्पष्ट कीजिए। 4
21 "हल्दीघाटी के युद्ध में मुगल सेना की विजय प्रमाणित नहीं होती।" कथन को स्पष्ट कीजिए। 4
22 जर्मनी के एकीकरण में बिस्मार्क के योगदान का उल्लेख कीजिए। 4
23 ऐसे चार तथ्यात्मक तर्क दीजिए जो भारत के लोकतंत्र के उज्ज्वल भविष्य को प्रकट करते हो? 4
24 'भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि पर अत्यधिक निर्भर है।' इस कथन के पक्ष में कोई चार तर्क समझाइए। 4

अथवा

स्वदेशी की अवधारणा क्या है? इससे होने वाले तीन लाभों को समझाइए। 4

25 अर्थव्यवस्था में मुद्रा की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

वस्तु विनिमय प्रणाली को स्पष्ट करते हुए इसके उपयोग से होने वाली तीन कठिनाईयों को समझाइए। 4

26 आपके अनुसार उपभोक्ता शोषण से बचने के लिए कौन–कौनसी जानकारियां उपभोक्ता को होना चाहिए। 1
27 बिजोलिया किसान आन्दोलन तथा सीकर किसान आन्दोलन पर प्रकाश डालिए। 3 + 3 = 6

अथवा

निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2 + 2 + 2 = 6
(1) संन्यासी विद्रोह (2) रॉलेट एक्ट (3) चम्पारण किसान आन्दोलन

28 उच्चतम न्यायालय का क्षेत्राधिकार और शक्तियों का वर्णन कीजिए। 7

अथवा

लोकसभा का गठन व कार्यों का वर्णन कीजिए। 7

29 राज्य विधानसभा की शक्तियां की विवेचना कीजिए। 6

अथवा

राज्य सरकार से सम्बन्धित निम्न बिन्दुओं की विवेचना कीजिए। 3 + 3 = 6
(1) मंत्रिपरिषद का निर्माण (2) विधानपरिषद् का गठन

30 दिए गए भारत के मानचित्र में निम्न को अंकित कीजिए। 5
(अ) दामोदर घाटी परियोजना (ब) सूरत
(स) सिंहभूम (द) भिलाई (य) बिहार

शेखावाटी मिशन - 100

मॉडल पेपर – 02,

माध्यमिक परीक्षा – 2020,

सामाजिक विज्ञान

समय $3\frac{1}{4}$ घण्टे पूर्णांक **80**

01 राजस्थान के दो जनपदों के नाम लिखिए। 1
02 दीन–ए–इलाही क्या था? 1
03 लोकतंत्र के विशिष्ट वर्गीय (अभिजन वर्गीय) सिद्धान्त के किन्हीं दो समर्थकों का नाम बताइए। 1
04 माही बजाज सागर परियोजना से राज. के किन–किन आदिवासी जिलों को लाभ मिल रहा है? 1
05 सतत् विकास/धारणीय विकास को परिभाषित कीजिए। 1
06 नीति आयोग की स्थापना कब हुई? 1
07 प्रथम पंचवर्षीय योजना की अवधि बताइए। 1
08 मुद्रास्फीति से आप क्या समझते है? 1
09 संरचनात्मक बेरोजगारी क्या है? 1
10 सापेक्ष गरीबी से क्या तात्पर्य है? 1
11 विधानसभा अध्यक्ष के रूप में आप कौन–कौन से कार्य करेंगे? कोई दो कार्य लिखिए। 2
12 बावड़ी क्या है? बावड़ियों की अधिकता के कारण 'सिटी ऑफ स्टैप वेल्स' किसे कहा जाता है? 2
13 गेहूं उत्पादन के लिए तापमान एवम् वर्षा सम्बन्धी आव'यक दशाएं लिखिए। 2
14 ऊर्जा खनिज किसे कहते है? दो प्रमुख खनिज तेल उत्पादक क्षेत्रों के नाम लिखें 2

अथवा

सुमेलित करो। 2

| | |
|---|---|
| (1) लौह अयस्क | रानीगंज |
| (2) कोयला | बालाघाट |
| (3) बॉक्साइट | मयूरभंज |
| (4) ताँबा | कोंरापूट |

15 सूती वस्त्र उद्योग की स्थापना हेतु आप भारत के किन राज्यों का चयन करेंगें व क्यों? 2
16 लिंगानुपात से आप क्या समझते है? लिंगानुपात में कमी के कोई दो कारण बताओ। 2
17 वायु परिवहन की व्याख्या कीजिए। 2
18 (1) जेब्रा क्रासिंग का उपयोग लिखिए। $1 + 1 = 2$
(2) सड़क सुरक्षा के प्रति आपके दो कर्त्तव्य बताइए। $1 + 1 = 2$
19 ठोस कचरा प्रबन्धन के चार लाभ बताइए। $1 + 1 = 2$
20 मौर्यकालीन न्याय व्यवस्था का मूल्यांकन कीजिए। 4
21 गुरूनानक देव का परिचय देते हुए सिक्ख धर्म की प्रमुख शिक्षाएं बताइए। 4
22 औद्यौगिक क्रान्ति इंग्लैण्ड से ही शुरू होने के पीछे उत्तरदायी किन्ही चार कारणों का उल्लेख कीजिए। 4
23 आपके मतानुसार परम्परागत उदारवादी लोकतंत्र के लिए कौनसी दशाएं जरूरी है? स्पष्ट कीजिए। 4
24 कौशल विकास से आप क्या समझते है? इसके किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए। $1 + 3 = 4$

अथवा

बहुराष्ट्रीय कम्पनी किसे कहते हैं? इसके महत्व को स्पष्ट कीजिए। 4

25 देशी बैंकर किसे कहते है? इसके किन्हीं तीन कार्यों का उल्लेख कीजिए। $1 + 3 = 4$

अथवा

चैक क्या है? चैक के प्रकारों का उल्लेख कीजिए। $1 + 3 = 4$

26 पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए आपके अनुसार सूचना के अधिकार का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है? 4
27 आंग्ल–मैसूर संघर्ष पर प्रकाश डालिए? 6

अथवा

शेखावाटी मिशन - 100

निम्न पर टिप्पणी लिखिए। 2 + 2 + 2 = 6

1. नीमूचणा किसान आंदोलन 2. प्लासी का युद्ध 3. भगत आंदोलन (मानगढ़ हत्याकाण्ड)

28. राष्ट्रपति की निर्वाचन प्रक्रिया व आपाकतालीन शक्तियों का वर्णन कीजिए। 3 + 3 = 6

अथवा

मंत्रिपरिषद् के गठन व शक्तियों का वर्णन कीजिए। 2 + 4 = 6

29. राज्य के मुख्यमंत्री के कार्य एवं शक्तियों की विवेचना कीजिए। 7

अथवा

निम्न बिन्दुओं की विवेचना कीजिए। 3 + 2 + 2 = 7

1. राज्यपाल की स्वविवेकिय शक्तियां 2. विधानसभाध्यक्ष के कार्य 3. न्यायिक पुनरावलोकन

30. भारत के मानचित्र में निम्न को अंकित कीजिए। 5

1. भांखड़ा नांगल परियोजना 2. मयूरभंज 3. कोलकाता 4. राउरकेला 5. उतरप्रदेश

(मॉडल पेपर तैयारकर्त्ता – रोहिताश कुमार थालौड़ (व.अ.) सामाजिक विज्ञान, रा.मा.वि. सावलोदा लाडखानी (सीकर)

शेखावाटी मिशन – 100

# शेखावाटी मिशन – 100

मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोतः–

डॉ. महेन्द्र कुमार
सेवा निवृत संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा चूरू सम्भाग, चूरू

श्री सुरेन्द्र सिंह गौड़
संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा चूरू सम्भाग, चूरू

श्री घनश्याम जाट
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
झुंझुनू

श्री संपतराम बारूपाल
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
चूरू

संभाग स्तरीय परीक्षा परिणाम उन्नयन समिति

श्री ओम प्रकाश फगेड़िया
अति. जि.शि.अ. कार्यालय संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा चूरू सम्भाग, चूरू

श्रीमति बबीता ढ़ाका
सहायक निदेशक
कार्यालय मुख्य जि.शि. अधिकारी
झुंझुनू

श्री राकेश कुमार तेतरवाल
सहायक निदेशक
कार्यालय मुख्य जि.शि. अधिकारी
सीकर

श्री नरेश बिस्सु
सहायक निदेशक
कार्यालय मुख्य जि.शि. अधिकारी
चूरू

## संकलन, सहयोग एवं सुझावः–

श्री महेद्रसिंह बड़सरा
अति. जि.शि.अ. कार्यालय संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा चूरू सम्भाग, चूरू

श्री अमर सिंह
जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
माध्यमिक शिक्षा, झुंझुनू

श्री मुकेश कुमार मेहता
जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
माध्यमिक शिक्षा, सीकर

श्री रमेश पुनियाँ
अति. जिला परियोजना समन्वयक,
समसा, चूरू

श्री रिछपाल सिंह
अति. जिला परियोजना समन्वयक,
समसा, सीकर

श्री सुभाष चन्द्र मीणा
अति. जिला परियोजना समन्वयक,
समसा, झुंझुनू

श्री सांवरमल गहनोलिया
शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी, चूरू

श्री हरदयालसिंह
शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी, सीकर

श्री कमलेश तेतरवाल
शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रभारी,झुंझुनू

श्री महेन्द्र सारण, प्रधानाचार्य
राउमावि भोजाण राजगढ चूरू

श्री त्रिलोक चन्द्र, वरिष्ठ अध्यापक
राउमावि, आबसर, चूरू

श्री शिशुपाल छिरंग, प्र..अ.
राबाउप्रावि नाकरासर, चूरू

श्री प्रमोद कुमार सैनी
कनिष्ठ सहायक
समसा, चूरू

श्री पुरूषोतम मीणा, सप्रअ
कार्यालय संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा चूरू सम्भाग, चूरू

श्री रूकमानन्द, वरिष्ठ सहायक
कार्यालय संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा चूरू सम्भाग, चूरू

संरक्षक

श्री रामकरण फगेड़िया
सेवा निवृत प्रधानाचार्य

श्री मुकन्दाराम नेहरा
सेवा निवृत प्रधानाचार्य

**कार्यालय :– संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, चूरु संभाग, चूरु (राजस्थान)**

अपने सपनों को पंख लगाने के लिये जुड़िये... शिक्षक भर्ती की राज्य की सबसे बेजोड़ सशक्त और लम्बे अनुभव वाली प्रयास टीम से




यह संयोग नहीं, बल्कि सलिका है
जज्बात नहीं, बल्कि जुनून है।
केवल भाग्य नहीं, बल्कि पक्का भरोसा है
केवल आश नहीं, बल्कि बेहतरीन 'प्रयास' है।

यह तो केवल REET-2018 शिक्षक भर्ती के परिणाम की एक नजीर है... स्कूल व्याख्याता एवं शिक्षक ग्रेड-2nd के हजारों चयनों का दिल थामकर इंतजार कीजिये...

पूर्णतया नये बैच प्रारम्भ
REET
बैच समय (10 – 03, 12 – 05)

पूर्णतया नये बैच प्रारम्भ
पटवार
बैच समय (10 – 03, 1 – 06)

पूर्णतया नये बैच प्रारम्भ
पुलिस
बैच समय (10 – 03, 1 – 06)

राज्य में शिक्षक भर्ती का सिरमौर संस्थान...
प्रयास
कैरियर इंस्टीट्यूट

नवलगढ़ रोड़ सीकर
Helpline :
7728027533
9772591148